दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली।। मंगलवार 13 अगस्त -2024 ● वर्ष : 8 अंक : 305 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3

## यूपी उपचुनाव : सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शिवपाल और अवधेश समेत कई नेताओं को बनाया प्रभारी



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा उपचुनाव के लिए तैयारियां तेज हो गई हैं। बता दें कि राज्य विधानसभा में रिक्त 10 सीटों के लिए उपचुनाव का आयोजन जल्द ही किया जाना है। इस उपचुनाव के लिए अब समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रभारियों की नियुक्ति कर दी है। उपचुनाव के लिए सपा ने शिवपाल को कटेहरी और अवधेश प्रसाद को मिल्कीपुर सीट का प्रभारी बनाया है। आइए जानते हैं कि किस सीट से किस नेता को उपचुनाव के लिए प्रभारी बनाया गया है।

**सीट और प्रभारियों की लिस्ट :** शिवपाल सिंह यादव, विधायक राष्ट्रीय महासचिव समाजवादी पार्टी- कटेहरी (अम्बेडकरनगर)। अवधेश प्रसाद, सांसद राष्ट्रीय महासचिव समाजवादी पार्टी- मिल्कीपुर (फैजाबाद)। लाल बिहारी यादव नेता प्रतिपक्ष विधान परिषद, यूपी, वीरेन्द्र सिंह सांसद- मझवाँ (मिजार्पुर)। चन्द्रदेव यादव पूर्व मंत्री- करहल (मैनपुरी)।

इन्द्रजीत सरोज, विधायक राष्ट्रीय महासचिव समाजवादी पार्टी- फूलपुर (प्रयागराज)। राजेन्द्र कुमार, विधायक- सीसामऊ (कानपुर नगर)।




# डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने कहा उपचुनाव में होगी प्रचंड जीत और कन्नौज की घटना निंदनीय

## सोमवार को गाजियाबाद के कई कार्यक्रमों में लिया डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने भाग



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** सोमवार को जहां उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दिल्ली में थे। तो वहीं उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक गाजियाबाद के अलग-अलग कार्यक्रमों में शामिल हुए। उन्होंने तिरंगा अभियान में भाग लिया, तो वसुंधरा के एक निजी कार्यक्रम में शामिल हुए। वही पौधारोपण कार्यक्रम में भी भाग लिया। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री प्रदेश पाठक ने कहा है कि आगामी विधानसभा उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी प्रचंड जीत हासिल करेगी। उन्होंने कहा है कि उत्तर प्रदेश की 10 सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी का संगठन और प्रदेश का प्रत्येक पदाधिकारी अपनी जिम्मेदारी के साथ लगा हुआ है। संगठन के साथ लगातार बैठकें की जा रही हैं। प्रभारी और चुनाव जीतने के लिए जो फामूर्ला इस्तेमाल करना है, उसपर रणनीति बनाई जा रही है। इस दौरान डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने समाजवादी पार्टी के नेताओं और बीते दिनों कन्नौज में हुए मामलों को लेकर बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि कन्नौज में दुष्कर्म के आरोपी सपा नेता ने जिस तरीके का कृत किया है, वह बेहद निंदनीय है।















### बोले बृजेश पाठक हमने पीड़ित का साथ दिया, सरकार साथ खड़ी है

करंट क्राइम : वसुंधरा में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा है कि जिस तरीके की घटना कन्नौज में हुई और उसमें समाजवादी पार्टी के नेता का नाम सामने आया है यह बहुत निंदनीय है। जनता समाजवादी पार्टी के ऐसे लोगों को माफ नहीं करेगी। पाठक ने कहा कि जिस बच्ची के साथ दरिंदगी हुई थी, उस परिवार के साथ सरकार खड़ी है। भाजपा के कई सांसद, मंत्री पीड़ित परिवार से मिले हैं। परिवार को मदद का भरोसा भी दिलाया गया है। वहीं उन्होंने कोलकाता में जिस तरीके का माहौल चल रहा है उसपर भी केंद्रीय सरकार से दखल की अपील की है।

### सपा नेता बच्चियों की इज्जत के साथ खिलवाड़ करते हैं : बृजेश पाठक

करंट क्राइम : उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा है कि जिस तरीके की घटना कन्नौज में हुई वह सभ्य समाज के लिए ठीक नहीं है। सपा के लोग महिलाओं और बच्चियों की इज्जत के साथ खिलवाड़ करते हैं। वहीं उन्होंने कहा है कि कोलकाता में हुई हत्या के बारे में जब भारतीय जनता पार्टी और संगठन को पता चला तो वह वहां के लिए उपयुक्त कदम उठा रहा है। उन्होंने कहा कि कन्नौज में जिस तरीके की दरिंदगी की गई है, ऐसे लोगों को सजा मिलनी चाहिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के नेताओं के डीएनए में ही गुंडई और इस तरीके की अराजकता है।

# सांसद अतुल गर्ग ने की जब एयरपोर्ट अथॉरिटी अध्यक्ष से मुलाकात पता चला कोर्ट का स्टे हटने के बाद ही उड़ सकती है हिंडन से फ्लाइट

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** साहिबाबाद के सिकंदरपुर गांव की जमीन पर डोमेस्टिक बना और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इसका उद्घाटन करने आये। उसी दिन एयरपोर्ट का उद्घाटन हुआ और उसी दिन शहीद स्थल से मेट्रो की शुरूआत हुई। प्रधानंत्री नरेन्द्र मोदी ने यहां से ऐलान किया कि अब इलाहाबाद लखनऊ और अन्य स्थानों के लिए फ्लाईट इसी एयरपोर्ट से शुरू होगी। उत्साह से लबरेज जनता भी थी और उत्साह से लबरेज सांसद और विधायक भी थे। लेकिन समय बीता और धीरे धीरे एयरपोर्ट के रनवे पर धूल जमने लगी। मेट्रो तो शुरू हो गई लेकिन फ्लाईट का कोई अता पता नहीं चला। पूरे पांच साल बीत गये और कोई फ्लाईट नहीं उड़ी और इस बीच यहां के सांसद ही बदल गये लेकिन सरकार रिपीट हुई। अतुल गर्ग जब लोकसभा सांसद बने तो उन्होंने अपन फोकस सड़क और आसमान पर किया। ये दोनों ही विषय ऐसे हैं जिनका मंत्रालय वाला प्रभार यहां से लोकसभा सांसद रहे जनरल वीके सिंह के पास रहा है। वो राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय भी देख रहे थे और सिविल एविएशन मंत्रालय भी उनके पास था। अतुल गर्ग ने सांसद बनते ही सबसे पहले लोनी जाकर लोनी सहारनपुर वाली सड़क की हालत देखी। सम्बन्धित अधिकारियों को पत्र लिखा। कि इस रोड के निर्माण में अब तक कितना पैसा लगा है और ये रोड क्यों सही नहीं हो रही। इसी तरह उन्होंने एयरपोर्ट को लेकर सवाल उठा दिया। अतुल गर्ग ने ये सवाल संसद में भी उठाया। हालांकि उनके सवालों का लिखित जवाब मिला लेकिन अतुल गर्ग लगातार इस बात के प्रयास कर रहे हैं कि यहां से रनवे चालू हो और फ्लाईट उडती आसमान में दिखे। उन्हें पदेन समिति का अध्यक्ष भी बनाया गया और अब जब रनवे वाली बात का जहाज उड़ान के लिए आया तो पता चला कि सही बाधा क्या है। भारतीय विमान पत्तन के अध्यक्ष संजीव कुमार से सांसद अतुल गर्ग ने मुलाकात की और हिंडन एयरपोर्ट से विमानों की आवाजाही के लिए जानकारी ली और यहां जो बात निकलकर सामने आई वो ये है कि मामला लीगल है।



### एयरपोर्ट की राह में आ गया हाईकोर्ट

करंट क्राइम। सांसद अतुल गर्ग ने जब एयरपोर्ट अथॉरिटी के अध्यक्ष संजीव कुमार से मुलाकात की तो यह पता चला कि एयरपोर्ट के रनवे पर हाईकोर्ट आ गया है। इसलिए इस एयरपोर्ट से फ्लाईट नहीं उड़ पा रही है। इस भेंट में एयरपोर्ट अथॉरिटी अध्यक्ष संजीव कुमार ने सांसद को बताया कि जीएमआर के स्टे ऑर्डर के कारण हिंडन एयरपोर्ट से फ्लाईट नहीं उड़ पा रही है। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि जल्द फ्लाईट शुरू हो जायेंगी। पहले भी कई विभिन्न समस्याओं को दूर किया गया है।

### 21 अगस्त को अगर खत्म हो जाता है हाईकोर्ट का स्टे तो शुरू हो जायेगी फ्लाइट

करंट क्राइम। डोमेस्टिक एयरपोर्ट के रनवे पर हाईकोर्ट का स्टे खड़ा है और इसी के चलते फ्लाईट चालू नहीं हो पा रही हैं। एयरपोर्ट अथॉरिटी के अध्यक्ष संजीव कुमार ने गाजियाबाद के लोकसभा सांसद अतुल गर्ग को बताया कि 21 अगस्त को हाईकोर्ट में सुनवाई होनी है। यदि 21 अगस्त को हाईकोट में ये स्टे खत्म हो जाता है तो हम जल्द से जल्द फ्लाईट शुरू कर पायेंगे।

### पूर्व मंत्री व पूर्व सांसद जनरल वीके सिंह ने किये हैं काफी प्रयास

करंट क्राइम। एयरपोर्ट अथॉरिटी के अध्यक्ष ने लोकसभा सांसद अतुल गर्ग को बताया कि पूर्व मंत्री तथा पूर्व सांसद जनरल वीके सिंह ने भी इस डोमेस्टिक एयरपोर्ट से फ्लाईट शुरू कराने के लिए काफी प्रयास किये हैं। गौरतलब है कि जनरल वीके सिंह ने बीते दिनों एक बयान जारी कर कहा था कि अगस्त माह में यहां से फ्लाईट शुरू हो जायेगी और अब ये तथ्य सामने आया है कि हाईकोर्ट का स्टे है और इसमें 21 अगस्त की तारीख लगी है और यहां पर ह्यअगरह्ण का सबसे बड़ा महत्व है क्योंकि ये हाईकोर्ट का मामला है और अथॉरिटी ने पहले ही कह दिया है कि अगर स्टे खत्म हो जाता है तो जल्द ही फ्लाईट शुरू होगी। लिहाजा ऐसे में पूरा दारोमदार हाईकोर्ट के फैसले पर टिका है।

# करोड़ों की चोरी में अधिकारियों से तथ्यों की हेराफेरी पड़ी भारी डीसीपी ट्रांस हिंडन ने एसएचओ इंदिरापुरम और चौकी प्रभारी को किया सस्पेंड

### स्वतंत्रता दिवस से पूर्व चोरी की बड़ी वारदात ने उठाए पुलिसिंग पर सवाल

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम में चोरियों का ग्राफ कम नहीं हो रहा है। तो वहीं मेट्रोपॉलिटन सिटी का दर्जा मिल जाने के बावजूद भी पुलिसिंग की व्यवस्था भगवान भरोसे ही चल रही है। रविवार की सुबह इंदिरापुरम थानाक्षेत्र की सीआईएसएफ रोड स्थित एक ब्रांडेड घड़ियों के शोरूम में हुई करोड़ों रुपए की चोरी के मामले ने स्वतंत्रता दिवस से कुछ दिन पूर्व हुई इस सनसनीखेज चोरी ने पुलिसिंग व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। तो वहीं इस पूरे मामले में पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को थाना प्रभारी इंदिरापुरम और चौकी प्रभारी कनावनी द्वारा पूरे मामले में महत्वपूर्ण तथ्य न बताने और चोरी की वारदात को लेकर गुमराह करने का आरोप लगा है।

इस मामले में डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल ने इंदिरापुरम थाना प्रभारी जितेंद्र दिखित और कनवानी चौकी इंचार्ज लाल सिंह कनौजिया को सस्पेंड किया है।



### एसएचओ और चौकी इंचार्ज पर घटना को हल्का बताने का लगा है आरोप

करंट क्राइम : पुलिस के सूत्रों से जानकारी मिली है कि इंदिरापुरम सीआईएसएफ रोड पर घड़ियों के शोरूम में हुई तीन करोड़ रुपए की चोरी के मामले में थाना प्रभारी और चौकी प्रभारी ने प्रथम दृष्टया अधिकारियों को चोरी का उपयुक्त विवरण नहीं दिया था। साथ ही घटना को हल्के रूप से प्रदर्शित भी किया गया था। इस मामले में शोरूम के मालिक और मैनेजर के बयान भी विरोधाभासी पाए गए हैं। फिलहाल इस पूरे मामले में थाना प्रभारी और चौकी प्रभारी को सस्पेंड कर दिया गया है। साथ ही इस पूरे इलाके की सुरक्षा का जिम्मा संभालने वाले पुलिस कर्मियों के भी बयान दर्ज किया जा रहे हैं। वहीं भीड़भाड़ व सुरक्षा जोन वाले इलाके में हुई चोरी की वारदात को लेकर लखनऊ में भी अधिकारी इस घटना पर नजर रखने का काम कर रहे हैं।



इंस्पेक्टर जितेंद्र दिखित



चौकी प्रभारी लाल सिंह कनौजिया

### क्या पुलिस सीसीटीवी फुटेज से खोल पाएगी तीन करोड़ की चोरी

करंट क्राइम : पुलिस के सूत्र बता रहे हैं कि करोड़ों रुपए की घड़ियां और ब्रांडेड सामान चोरी के इस मामले में खुद डीसीपी ट्रांस हिंडन और एसीपी इंदिरापुरम मॉनिटरिंग कर रहे हैं। साथ ही मुखबिरों की मदद लेने के साथ ही इंटेलीजेंस और सर्विलांस पर भी काम किया जा रहा है। पुलिस मोबाइल सर्विलांस डाटा भी ट्रैक करने का काम कर रही है। हालांकि सीसीटीवी फुटेज में पुलिस को कुछ तस्वीरें नजर आई हैं। देखना होगा सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस इस केस को खोल पाने में कितनी सफल होती है और घटना के खुलासे के लिए अभी कितने दिन वेट करना पड़ेगा।

### महत्वपूर्ण मार्ग पर चोरी, पुलिसिंग में कमजोरी

**करंट क्राइम :** इंदिरापुरम की सीआईएसएफ रोड का इलाका वैसे भी महत्वपूर्ण और सुरक्षा वाला जोन माना जाता है। यहां उत्तर प्रदेश सरकार और प्रदेश पुलिस से जुड़े कई वरिष्ठ अधिकारियों के आवास बने हुए हैं। साथ ही पूरा इलाका हाईराइज बिल्डिंग का क्षेत्र है। जहां कई महत्वपूर्ण कार्यालय और लोग निवास करते है। सीआईएसएफ रोड स्थित एक ब्रांडेड घड़ी शोरूम में जिस तरीके से चोरों द्वारा लगभग तीन करोड़ रुपए की चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है, वह भी पुलिसिंग व्यवस्था पर सवाल उठाने वाला है। इस पूरे मामले में थाना इंदिरापुरम पुलिस की 15 अगस्त से पूर्व व्यवस्था पर भी अधिकारियों ने सवाल उठाए हैं। हालांकि घटना के खुलासे के लिए पुलिस के ही कई वरिष्ठ अधिकारियों की टीम निगरानी रखने का काम कर रही है।

# डॉ. हडताल पर, मरीज परेशान, महिला डॉक्टर की हत्या के खिलाफ प्रदर्शन, सीबीआई जांच की मांग

## ओपीडी नियमित सर्जरी व अन्य रूटीन सेवाएं बंद

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के कोलकाता में डॉक्टर की हत्या के विरोध में आज दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में डॉक्टर हड़ताल पर हैं। एम्स और आरएमएल में डॉक्टर हड़ताल पर बैठ गए हैं। सीनियर्स डॉक्टरों ने मोर्चा संभाला लिया है। दिल्ली में केंद्र सरकार के चार अस्पताल में 40 हजार से अधिक मरीज आते हैं। तो वहीं दिल्ली सरकार के 38 अस्पताल में 42 हजार से ज्यादा मरीज इलाज कराने आते हैं। इस सभी अस्पताल में हजार से ज्यादा डॉक्टर हड़ताल कर रहे हैं। दिल्ली में एम्स, आरएमएल और एलएनजेपी अस्पताल के डॉक्टर अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर बैठ गए हैं। एलएनजेपी अस्पताल के डॉक्टर सुरेश कुमार ने बताया कि हमने नोटिस दिया। हम ओपीडी सेवा में शामिल नहीं होंगे। कोलकाता में हुई डॉक्टर की हत्या की सीबीआई जांच की मांग को लेकर दिल्ली के राम मनोहर लोहिया अस्पताल में डॉक्टर हड़ताल पर बैठ गए हैं।



### इन अस्पतालों में सेवाएं रहेंगी प्रभावित

सफदरजंग, डॉ. राममनोहर लोहिया अस्पताल, लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज व अस्पताल, दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल, यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंसेज, गुरु तेग बहादुर अस्पताल, मानव व्यवहार एवं संबद्ध विज्ञान संस्थान (इबहास), मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज व संबंधित अस्पताल (लोकनायक व अन्य) सहित अन्य अस्पतालों के रेजिडेंट डॉक्टर सेवाएं नहीं देंगे।

### आपातकालीन सेवाएं रहेंगी जारी

रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन का कहना है कि सिर्फ आपातकालीन सेवाएं मिलेंगी। ओपीडी, इलेक्टिव सर्जरी, वार्ड में सेवाएं, लैब में जांच सहित अन्य कार्यों में डॉक्टर मदद नहीं करेंगे। कोलकाता में जान गंवाने वाली डॉक्टर को न्याय दिलाने तक देशभर में सेवाएं प्रभावित रहेंगी। वहीं, फेडरेशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन के महासचिव डॉ. सर्वेश पांडे ने कहा कि जल्द न्याय मिलना चाहिए। घटना के खिलाफ देशभर के डॉक्टर एकजुट हैं। शनिवार को आरएमएल सहित दूसरे अस्पतालों के आरडीए ने कैंडल मार्च निकाला था। इस मामले में डॉक्टरों ने अधिकारियों से अपराधियों के खिलाफ त्वरित और सख्त कार्रवाई की मांग की है। साथ ही, देशभर में डॉक्टरों के लिए सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने की मांग रखी है।

सफदरजंग, डॉ. राम मनोहर लोहिया, लेडी हार्डिंग सहित अन्य सरकारी अस्पतालों में रोजाना दिल्ली सहित आसपास के राज्यों से आने वाले 35 हजार से अधिक मरीज इलाज करवाते हैं। रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन के असहयोग के फैसले के बाद मरीजों को काफी परेशानी हो सकती है। हालांकि, प्रशासन का दावा है कि इस दौरान सीनियर संकाय व अन्य इलाज करेंगे। जबकि डॉक्टरों का कहना है कि मुख्य रूप से रेजिडेंट डॉक्टर ही मरीजों का इलाज करते हैं। ऐसे में इनके असहयोग से मरीजों को काफी परेशानी हो सकती है।

### ये हैं डॉक्टरों की मांग

डॉक्टरों का कहना है कि अस्पताल में डॉक्टरों को सुरक्षित माहौल देने के लिए लंबे समय से मांग की जा रही है। सफदरजंग अस्पताल में करीब दो हजार रेजिडेंट डॉक्टर हैं। यह सभी असहयोग में साथ देंगे। अक्सर देखा गया है कि ड्यूटी के दौरान डॉक्टरों से मारपीट की घटना हो जाती है, लेकिन उन्हें कार्यस्थल पर सुरक्षित माहौल देने की व्यवस्था नहीं की जा रही है।

# केजरीवाल पर मनीष सिसोदिया का बड़ा दावा

## बोले- कोई टूटा नहीं... कोई भटका नहीं, अब मैं बाहर आ गया हूं



**नई दिल्ली।** जेल से बाहर आने के बाद पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने केजरीवाल को लेकर बड़ा दावा किया है। साथ ही पार्टी की एकता को लेकर भी बड़ा बयान दिया। दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के नेता मनीष सिसौदिया जेल से बाहर आने के बाद एक्शन में हैं। बातचीत के दौरान मनीष सिसोदिया ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि किसी में कोई हतोत्साहन था, बल्कि गुस्सा और दृढ़ संकल्प था। आगे कहा कि संकट के इस समय में कोई टूटा नहीं, कोई भटका नहीं, ये बहुत बड़ी बात है। मुझे लगता है कि सरकार एक ऐसी सरकार है जो संकट के समय में भी दिल्ली के लोगों के लिए सबसे अधिक काम कर रही है। देश में ऐसी कोई सरकार नहीं है।

आगे कहा कि आप का नेतृत्व अपने सबसे महत्वपूर्ण दौर से गुजरा। अब मैं बाहर आ गया हूं, अरविंद केजरीवाल भी जल्द ही बाहर आएंगे। लेकिन इस सबसे महत्वपूर्ण समय में पार्टी के कार्यकताओं, पार्टी के नेताओं, देश की जनता, दिल्ली की जनता ने जबरदस्त एकता दिखाई है और यही एकता हमारी ताकत है। दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले आप पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए जुट गई है। इसी कड़ी में 14 अगस्त से पूर्व उपमुख्यमंत्री और आप के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया जनता के बीच जाएंगे। इस मौके पर वह पार्टी के पक्ष में माहौल बनाएंगे। रविवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर मनीष सिसोदिया की अध्यक्षता में आतिशी के आवास पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की बैठक हुई। बीते रविवार को करीब दो घंटे चली इस बैठक में कई विषयों पर चर्चा हुई। इसमें दिल्ली में चल रहे काम, लोक सभा चुनाव से पहले पार्टी के तरफ से किए गए वादे, मौजूदा दी जा रही सुविधाएं सहित अन्य विषयों पर चर्चा हुई। साथ ही फैसला लिया गया कि दिल्ली में किए गए काम को जनता तक पहुंचाया जाएगा।

बैठक के बाद पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री संदीप पाठक ने कहा कि बैठक में दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर विस्तार से बातचीत हुई। फैसला लिया गया कि मनीष सिसोदिया सोमवार को दिल्ली में आम आदमी पार्टी के सभी विधायकों के साथ बैठक करेंगे। अगले दिन मंगलवार को पार्टी के सभी पार्षदों के साथ मनीष सिसोदिया बैठक करेंगे।

## न्यूज डायरी

### बारिश के बीच 'ओयो हटाओ, लोनी बचाओ' आंदोलन में पहुंचे सैकड़ों लोग



लोनी। लोनी में चल रहे 'ओयो भगाओ लोनी बचाओ' आंदोलन के समर्थकों ने इंद्रापुरी में महापंचायत की गई। आंदोलन संयोजक पंडित ललित शर्मा ने कहा कि आंदोलन को विफल करने की साजिश की गई। लोनी की जागरूक जनता बारिश के बाद भी सैकड़ों की संख्या में उपस्थित रही। पंचायत में भारतीय संस्कृति को दूषित करने वालों के खिलाफ लड़ाई को जारी रखने पर बात हुई। गणमान्य व्यक्तियों ने कहा कि मामले को कोर्ट में ले जाया जाए। 15 दिन का समय प्रशासन को देने की बात हुई। अगर जल्दी ही नहीं कि गाई कार्यवाही तो हम सभी गाजियाबाद डीएम कार्यालय का घेराव करेंगे और अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन करेंगे। धरना प्रदर्शन डीएम कार्यालय के बाहर किया जाएगा या फिर दिल्ली के जंतर-मंतर पर यह फैसला डीएम कार्यालय के गिराव के बाद मौके पर उपस्थित लोग फैसला लेंगे। 16 अगस्त को कोर्ट में दाखिल करेंगे शिकायत। सभी ने कहा है कि हम प्रशासन द्वारा कार्यवाही नहीं किए जाने से आहत हैं।

### गाजियाबाद का कूड़ा मुरादनगर में डालने के विरोध में उपजिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद शहर का कूड़ा मुरादनगर में पाइपलाइन मार्ग पर डालने के विरोध में ज्ञापन देने के लिए गाजियाबाद कलेक्ट्रेट जा रहे ग्रामीणों को गांव मथुरापुर के पास ही रोक दिया गया। इस दौरान ग्रामीणों व पुलिस के बीच जमकर नोकझोक हुई। ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम एक लाख हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन उपजिलाधिकारी सदर को सौंपा। प्रशासनिक अधिकारियों व ग्रामीणों के बीच कई दौर की वार्ता चली। इसके बाद उपजिलाधिकारी सदर अरुण कुमार नगर निगम के अधिकारियों के साथ ग्रामीणों के बीच पहुंच गए। इसके बाद विकास संघर्ष समिति 380 पेजों का ज्ञापन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम सौंपा। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द डंपिग ग्राउंड को नहीं हटाया गया तो कूड़े के वाहनों को रोक दिया जाएगा। इस मौके पर महंत स्वामी मुकेशानन्द गिरि महाराज, आजाद प्रमुख, राजेन्द्र कलकल, बीसी बंसल, प्रवीण मुखिया, सीताराम शर्मा, प्रवीण त्यागी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### मोदीनगर संस्थापक स्व. सेठ राय बहादुर गुजरमल मोदी के 122वें जन्मदिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** मोदीनगर संस्थापक एवं प्रमुख उद्योगपति स्व. सेठ राय बहादुर गुजरमल मोदी के 122वें जन्मदिवस पर यहां लक्ष्मी नारायण मंदिर (मोदी मंदिर) में आयोजित कार्यक्रम में भजनों के माध्यम से उन्हें शहरभर के सम्भ्रांत व गणमान्य लोगों ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर स्कूली छात्राओं ने भी भजन प्रस्तुत कर मन मोह लिया। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में चुलबुल मोदी, आलोक सिंघल, नवल गुप्ता, पं. देवेंद्र शास्त्री, अनिल वैद्य, प्रधानाचार्या हेमा अरोड़ा, मंदिर व्यवस्थापक जितेंद्र चैधरी, हरीश कुमार, लच्छी राम शर्मा सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## हर घर तिरंगा अभियान : डूडा स्वयं सहायता समूह की महिलाएं कर रही हैं झंडा निर्माण कार्य



**लोनी (करंट क्राइम)।** स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत नगर पालिका परिषद लोनी में डूडा विभाग की स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा झंडा निर्माण का कार्य किया जा रहा है। देश के प्रधानमंत्री की महत्वपूर्ण दीनदयाल योजना अंत्योदय राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वयं सहायता समूह की महिलाएं इस कार्य को जोर-शोर से कर रही हैं। इस अवसर पर इंदिरा एरिया लेवल फेडरेशन की अध्यक्ष नीलम ने कहा, महिलाओं का सशक्त बनाएंगे। इस कार्यक्रम के अंतर्गत डूडा विभाग के शहर मिशन प्रबंधक कौशलेंद्र सिंह ने निर्मित किए गए झंडे की जांच की तथा शासन के दिए गए निर्देशों के क्रम में महिलाओं को समय से झंडा आपूर्ति करने के निर्देश दिए गए।

## उत्थान फाउंडेशन ने किया ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** उत्थान फाउंडेशन ने 78वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में कस्बा निवाडी स्थित सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल में ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन कराया। कक्षा तीन से 12वीं तक के चार सौ बच्चों ने इसमें भाग लिया। प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर राज ढींगरा ने स्कूल परिसर में पौधरोपण किया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष सीए राहुल जैन, डॉ. सोनिका जैन, डॉ. गुरप्रीत सचदेवा, सुधा रानी, कविता गुप्ता, डॉ. योगेश सिंघल, नीरज गर्ग, देवेंद्र ढींगरा, पूनम बंसल, सपना गुप्ता, कविता गोयल, सोनिया गर्ग व डॉ. सिमरन त्यागी, सीए विपिन गुप्ता, पूनम गुप्ता, राज ढींगरा उपस्थित रहे। स्कूल की प्रिंसिपल डॉ. सरिता सिंधु व प्रबंधन समिति से विष्णु दरबारी, तुषार दरबारी, क्षितिज दरबारी व शिखा दरबारी ने संस्था के कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में प्रमुख गणमान्य लोगों में निशांत गुप्ता, शिप्रा जैन, शशि ढींगरा, अनुराग तिवारी आदि उपस्थित थे।





## मेडिकल स्टोर संचालन ने एक्सपायरी ड्राई दूध देकर अधिवक्ता को धमकाया, रिपोर्ट दर्ज




**मोदीनगर, करंट क्राइम।** जिला न्यायालय में प्रैक्टिस कर करने वाले मोदीनगर निवासी एक अधिवक्ता को मैडीकल स्टोर संचालक ने एक्सपायरी ड्राई दूध दे दिया। शिकायत करने पर मेडिकल स्टोर संचालक आगबबूला हो गया और अधिवक्ता को धमकाने लगा। इस मामले में अधिवक्ता की तहरीर पर पुलिस ने मेडिकल स्टोर संचालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

## हिमाचल में बारिश का कहर, 338 सड़कें और 488 बिजली ट्रांसफार्मर बंद

**हिमाचल।** हिमाचल प्रदेश के कई भागों में भारी बारिश से व्यापक नुकसान हुआ है। राज्य में जगह-जगह भूस्खलन से सोमवार सुबह 10:00 बजे तक चार नेशनल हाईवे व 338 सड़कें यातायात के लिए बंद थीं। सबसे ज्यादा सड़के शिमला, मंडी, कुल्लू व चंबा जिले में बाधित हैं। इसके अतिरिक्त राज्य में 488 बिजली ट्रांसफार्मर व 116 जल आपूति योजनाएं प्रभावित हैं। इससे कई इलाकों में बिजली व पानी का संकट पैदा हो गया है। पंजाब के जेजों गांव में रविवार सुबह करीब 10:00 बजे एक इनोवा कार खड्ड के तेज बहाव में बह गई थी।



इससे कार में सवार ऊना के नौ लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लापता हैं। एक युवक को स्थानीय लोगों ने बचा लिया। एक अन्य हादसे में भारी बारिश के चलते ऊना के टाहलीवाल में बाथड़ी खड्ड में दो बहनों समेत तीन बच्चियों की बहने से मौत हो गई। चंबा के अंतर्गत ग्राम पंचायत प्रौथा में सोमवार सुबह बुआ व भतीजे की पहाड़ी से गिरे पत्थरों की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतकों की पहचान अर्पणा (26) पत्नी प्यारो गांव ओथल चंबा व अक्षय (9) पुत्र चुन्नीलाल गांव ओथल के रूप में हुई है। छह दिनों तक भारी बारिश का येलो अलर्ट, तीन जिलों में बाढ़ का खतरा मौसम विज्ञान केंद्र शिमला की ओर से राज्य के कई भागों में आज से 18 अगस्त तक भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। शिमला में भी मौसम खराब बना हुआ है।

### चार फीट धंस गया फोरलेन का 100 मीटर हिस्सा

उधर, बरसात के कहर से एक बार फिर चंडीगढ़-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग को भारी क्षति पहुंच रही है। पंडोह डैम के कैंची मोड़ से कुल्लू के दयोड में 500 मीटर की दूरी पर एक तरफ सड़क लगभग 4 फुट नीचे ब्यास की ओर धंस गई। करीब 100 मीटर यह सड़क पूरी तरह से धंस जाने से एक लेन सड़क बंद हो गई। बारिश के चलते यहां पर भूस्खलन का खतरा बना हुआ है। उधर, एनएचएआई की जेसीबी पहाड़ से गिरे मलबे को हटाने में लगी है। ऐसी आशंका है कि अधिक मलबे के भार से यह सड़क जल्द ही ब्यास में गिर जाएगी। बता दें कि पिछली बरसात में भी यही प्वाइंट धंसा था, मगर तब बहुत कम दरारें थीं, मगर इस बार दरारें खाई बन गई हैं। उधर, कैंची मोड़ जहां से फोरलेन शुरू होता है, वहां पर भी सड़क पर एक तरफ मलबा आ गिरा है। पहाड़ी पर बने घरों को भी खतरा बन गया है।

### कई भागों में हुई भारी बारिश

बीते 24 घंटों के दौरान राज्य के अधिकतर भागों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई है। नंगल बांध क्षेत्र में 115.0, कसौली 87.0, ऊना 86.0, श्रीनयना देवी 82.2, ओलिंडा 79.0, जटोन बैराज 75.4, बीबीएमबी 73.0, नादौन 72.5, पांवटा साहिब 62.0, सुजानपुर टीहरा 60.6, धौलाकुआं 56.5, धर्मशाला 21.2, पालमपुर 46.2, सोलन 31.2, हमीरपुर 29.5 व धौलाकुआं में 26.5 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है।

## पार्षद गौरव सोलंकी ने किया विकास कार्य का उद्घाटन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड- 76 वैशाली सेक्टर 2 में पार्षद गौरव सोलंकी जी ने नारियल तोड़कर किया विकास कार्य का उद्घाटन किया। पार्षद गोरव सोलंकी ने कहा कि



सावन माह के चतुर्थ सोमवार के शुभ अवसर पर वार्ड 76 वैशाली के सेक्टर 2 स्थित श्री शिव मंदिर व श्री जगन्नाथ मंदिर के सामने की क्षतिग्रस्त सड़क का इंटरलॉक टाइल्स से हो रहे निर्माण का उद्घाटन किए गए। इस मौके पर सम्मानित निवासियों पार्षद का स्वागत व आभार व्यक्त किया। इस मौके पर पार्षद गौरव सोलंकी जी ने बताया कि वार्ड 76 के सम्पूर्ण विकास के लिए एक योजनाबद्ध तरीके से कार्य हो रहा है। उसी क्रम में सोमवार को सड़क का निर्माण शुरू हो रहा है।

# हिंडनबर्ग रिपोर्ट पर भाजपा का हमला, रविशंकर प्रसाद बोले: यह आर्थिक अराजकता लाने की साजिश




**नई दिल्ली।** हाल ही में जारी की गई हिंडनबर्ग रिपोर्ट पर भाजपा ने सवाल उठाए हैं। हिंडनबर्ग रिपोर्ट को लेकर भाजपा ने सवाल उठाए हैं। सोमवार को भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि यह भारत के लोगों की ओर से ठुकराए जाने के बाद कांग्रेस, उसके सहयोगी और टूलकिट गैंग की देश में आर्थिक अराजकता और अस्थिरता लाने की साजिश है।

उन्होंने कहा कि हिंडनबर्ग रिपोर्ट शनिवार को जारी हुई तो रविवार को हंगामा हुआ। इसके बाद सोमवार को पूंजी बाजार अस्थिर हो गया। भारत शेयरों के मामले में सुरक्षित, स्थिर और आशावादी बाजार है। इस बाजार की निगरानी करना सेबी की कानूनी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जुलाई में सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में हुई जांच के बाद जब सेबी ने हिंडनबर्ग को नोटिस जारी किया तो उसने अपना जवाब नहीं दिया। बल्कि बेबुनियाद हमला किया। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर हिंडनबर्ग में किसका निवेश है? एक सज्जन जॉर्ज सोरोस जो नियमित रूप से भारत के खिलाफ प्रोपेगेंडा चलाते हैं। वे उसके मुख्य निवेशक हैं। नरेंद्र मोदी के खिलाफ नफरत फैलाते हुए कांग्रेस भारत के खिलाफ नफरत पैदा कर ली है। अगर भारत का शेयर बाजार परेशान हो जाता है तो छोटे निवेशक परेशान होंगे। मगर कांग्रेस को इससे कोई सरोकार नहीं है। उन्होंने कहा कि राजनीति में एक है टूलकिट पॉलिटिक्स और दूसरी है चिट पॉलिटिक्स। परीक्षा में चिट मिलने पर कार्रवाई की जाती है। कांग्रेस चिट पॉलिटिक्स कर रही है। अब कांग्रेस पार्टी और उसके नेताओं को मिलने वाली चिटों का क्या किया जाना चाहिए? उन्होंने कहा कि वे पूरे शेयर बाजार को ध्वस्त करना चाहते हैं। छोटे निवेशकों के पूंजी निवेश को रोकना चाहते हैं और यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि भारत में कोई आर्थिक निवेश न हो।

### यह रिपोर्ट बदले की भावना से जारी कीइ गई

कांग्रेस को लेकर सीआर केसवन ने कहा कि 2014 में हमारी अर्थव्यवस्था नाजुक थी। यूपीए सरकार ने एनपीए और क्रोनी कैपिटलिज्म को बढ़ावा दिया। इससे शेयर बाजार अस्थिर हुआ। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अर्थव्यवस्था सुधरी है। हम जल्द ही तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे। केसवन ने आरोप लगाया कि लोकसभा चुनाव में लगातार तीसरी बार जनता की ओर खारिज की गई कांग्रेस डर और दहशत पैदा करने की कोशिश कर रही है। लेकिन वह सफल नहीं होंगे।

रिपोर्ट के कंधे पर बंदूक रखकर गोली चलाने को लेकर उन्होंने कांग्रेस पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि जब भी कोई रिपोर्ट आती है तो कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन उसके कंधे पर गोली क्यों चलाती है?इसका क्या मकसद है? जिसकी कोई विश्वसनीयता नहीं है।

### शहजाद पूनावाला बोले- यह सुनियोजित साजिश

हिंडनबर्ग रिपोर्ट पर भाजपा नेता शहजाद पूनावाला ने कहा कि रिपोर्ट पूरी तरह से सुनियोजित लगती है। राहुल गांधी और कांग्रेस संपूर्ण अर्थव्यवस्था, वित्तीय प्रणालियों को नुकसान पहुंचाना और अस्थिर करना चाहते हैं। विदेशी रिपोर्ट आमतौर पर झूठ पर आधारित होती है। कांग्रेस और उसके पारिस्थितिकी तंत्र द्वारा इसे पकड़ लिया जाता है। इन विदेशी रिपोर्टों और उनके निमार्ता का राहुल गांधी से का क्या संबंध है? ऐसा लगता है कि राहुल गांधी का एजेंडा केवल दहशत और अस्थिरता पैदा करना है ताकि भारत में बांग्लादेश जैसी स्थिति पैदा की जा सके।

## एनसीईआरटी न करे इतिहास के साथ खिलवाड़ : सैयद वली हसन

## 'एनसीईआरटी पाठ्यक्रम में बाबरी मस्जिद का नाम तीन गुंबद करना कोर्ट की अवमानना'

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद कांग्रेस के महानगर अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सैयद वली हसन के नेतृत्व में सोमवार को एक ज्ञापन जिलाधिकारी गाजियाबाद के माध्यम से धर्मेंद्र प्रधान केंद्रीय शिक्षा मंत्री भारत सरकार नई दिल्ली को दिया गया जिसमें एनसीईआरटी कक्षा 3 की हिंदी-अंग्रेजी-गणित और नई दुनिया हमारे आसपास जो ईवीएस की जगह लेती है कि किसी भी अपडेट की गई पाठ्य पुस्तक में प्रस्तावना शामिल नहीं है। पुरानी ईवीएस पुस्तक लुकिंग अराउंड और हिंदी पुस्तक रिमझिम-3 में प्रस्तावना शामिल थी। इसी तरह कक्षा 12 की राजनीति विज्ञान की पाठ्य पुस्तक में भी संशोधन किया और बाबरी मस्जिद शब्द को हटा दिया जिसे अब नए संस्करण में तीन गुंबद वाली संरचना के रूप में संदर्भित किया गया है। यह स्पष्ट तौर पर ऐतिहासिक तथ्यों के साथ छेड़छाड़ है। ज्ञापन में धर्मेंद्र प्रसाद केंद्रीय एवं शिक्षा मंत्री भारत सरकार से मांग की गई कि अपने स्तर पर इस पूरे मामले को देखते हुए इस संशोधन को दूर करने की कृपा करें। ज्ञापन देने में सैय्यद वली हसन के साथ मुख्य रूप से दानिश सैफी, मोहम्मद फहीम खान, शिवम सिंह, इमरान मलिक, आशु मलिक, मोहसीन शेख, शादाब अब्बासी, विक्रांत चौधरी, आदिल, शरीफ अहमद, फाहाद सिद्दीकी, सुनील भारती, खुसरू खान, राजा आदि शामिल रहे।



दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...







# मेयर और नगर आयुक्त की लड़ाई सार्वजनिक नहीं होती तो अच्छा रहता : बालेश्वर त्यागी

## 'इससे न तो उन दोनों का कोई भला होगा और न महानगर के लोगों का'



**चतुर अधिकारी लखनऊ की निकटता के नाम पर खेल कर देते हैं। नगर निगम एक्ट में डिप्टी मेयर का पद था। मायावती जी की सरकार में उसे समाप्त कर दिया लेकिन उसके बाद किसी भी सरकार ने उस पद को बहाल नहीं किया। इस परस्पर की खींचतान का एक वाजिब कारण है और वह है नगर निगम कानून। इस कानून में महापौर को वास्तव में जिन शक्तियों से सम्पन्न होना चाहिए वह शक्तियां नही दी गई हैं।कई मामलों में तो नगर पालिका के चेयर मैन से भी कम शक्तियां हैं।**



**नगर निगम में पार्षदों और अधिकारियों और कर्मचारियों का बड़ा अमला होता है। उनमें से बहुत सारों की रुचि मेयर और नगरायुक्त के बीच झगड़े में होती है। वे बराबर झगड़ा कराने के लिए कुछ न कुछ ताल तिकड़म करते रहते हैं।**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मेयर और नगर आयुक्त की लड़ाई अगर सार्वजनिक नहीं होती तो अच्छा रहता। इसके सार्वजनिक होने से न तो उन दोनों का कोई भला होगा और न महानगर के लोगों का कुछ भला होगा। वैसे जब से गाजियाबाद महानगर बना है और दिनेशचन्द्र गर्ग पहले मेयर बने और अरबी मौर्य नगर आयुक्त बने उस काल को छोड़कर दोनों के बीच कुछ न कुछ तनाव /खींचतान बनी रही। लेकिन दिनेशचन्द्र गर्ग ने लड़ाई को कभी सार्वजनिक नहीं होने दिया। मेरा अभी भी मत है कि इस विषय में संयम बरतना चाहिए। मेयर को भी और नगर आयुक्त को भी।एक उक्ति है कि जब आप दूसरे की ओर एक उंगली उठाते हैं तो तीन उंगलियां आपकी ओर उठी रहती हैं। कीचड़ फेंकने के लिए पहले हाथ कीचड़ में डालना पड़ता है।हाँ ,अगर कोई गम्भीर मामला है तो उसको उचित माध्यम से उस मंच तक ले जाना चाहिए जहां दोषी को दंड मिलें इतना किया जाना चाहिए।

वास्तविकता और धारणा में बहुत अंतर होता है। धारणा सदैव सत्य नहीं होती। इसलिए धारणाओं और चचाओं के आधार पर किसी बात को लेकर आगे बढ़ना सर्वथा अनुचित होता है।

अधिकार एक ऐसा विषय है जिसे प्रत्येक व्यक्ति अपने पास ही रखना चाहता है।सत्ता के विकेंद्रीकरण के नारे तो बहुत लगते हैं लेकिन वास्तविक विकेंद्रीकरण होता नहीं।ये एक रबड़ के समान है जितना खींचोगे उतना फैल जाएगा लेकिन जैसे ही खींच ढीली पड़ेगी वह पुनः अपनी पुरानी जगह पर आ जायेगी। बहुत से ठेके लखनऊ में छूट जाते हैं और बहुत से काम अधिकारी को लखनऊ के आदेश पर करने होते हैं।इसका दुरुपयोग भी हो जाता है।चतुर अधिकारी लखनऊ की निकटता के नाम पर खेल कर देते हैं।

नगर निगम एक्ट में डिप्टी मेयर का पद था। मायावती जी की सरकार में उसे समाप्त कर दिया लेकिन उसके बाद किसी भी सरकार ने उस पद को बहाल नहीं किया।

इस परस्पर की खींचतान का एक वाजिब कारण है और वह है नगर निगम कानून। इस कानून में महापौर को वास्तव में जिन शक्तियों से सम्पन्न होना चाहिए वह शक्तियाँ नही दी गई हैं।कई मामलों में तो नगर पालिका के चेयर मैन से भी कम शक्तियां हैं।लेकिन जनता को इससे कोई मतलब नहीं है। उसे अपनी समस्याओं का समाधान चाहिए। दूसरे जब मेयर का चुनाव होता है तब प्रत्याशियों को भी लगता है कि आपके पास तो शहर में मुख्यमंत्री के अधिकार होंगे।इसलिए वे भी बड़े बड़े सुंदर सपनों के महल मतदाता को दिखा देते हैं।लेकिन अधिकारी भी अपने अधिकारों को लेकर तो पूरे सजग रहते हैं लेकिन कर्तव्यों के प्रति संवेदनशील नहीं होते।नगर निगम में पार्षदों और अधिकारियों और कर्मचारियों का बड़ा अमला होता है। उनमें से बहुत सारों की रुचि मेयर और नगरायुक्त के बीच झगड़े में होती है। वे बराबर झगड़ा कराने के लिए कुछ न कुछ ताल तिकड़म करते रहते हैं।

इसलिए सकारात्मक तो यही है कि अधिकारी निर्वाचित व्यक्ति को पूरा सम्मान दें और जो भी कर पाना सम्भव हो उसे करने का प्रयास करें। निर्वाचित प्रतिनिधि भी इस विधि से अधिकारी से काम लें जिससे अधिकारी का अधिकतम योगदान मिल जाय । तो शायद शहर का भी भला होगा और सामंजस्य और परस्पर का शिष्टाचार भी बना रहेगा।

# 25 दिन में पांच बड़े अधिकारियों के कमिश्नरेट से तबादले अगला नंबर है किसका

## तीन आईपीएस और दो पीपीएस भेजे गए कमिश्नरेट से बाहर





**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में बीते 25 दिनों के दौरान पांच पुलिस के गजेटेड अधिकारियों के तबादले हो चुके हैं। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद से एक के बाद एक आईपीएस और फिर पीपीएस अधिकारियों के तबादले की चर्चा पुलिस महकमें में थम नहीं रही है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में 17 जुलाई से लेकर अब तक पांच अधिकारियों के तबादले हो चुके हैं। जिसमें तीन आईपीएस अधिकारी डीसीपी स्तर के हैं। तो दो एसीपी स्तर के अधिकारियों को पुलिस कमिश्नरेट से बाहर भेजा गया है। एक के बाद एक अधिकारी कमिश्नरेट से बाहर जा रहे हैं, तो पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद और अन्य जनपदों में भी चर्चा हो रही है कि आखिर क्या वजह है जो बीते 25 दिन में पांच अधिकारियों के तबादले हो चुके हैं। इन तबादलों के पीछे की वजह भी पुलिस महकमें के लोग जानने का प्रयास कर रहे हैं। तो चर्चा यह सुनाई दे रही है कि कमिश्नरी सिस्टम को लेकर कई तरीके की राय निकाल कर आ रही हैं। वहीं अधिकारियों का बढ़ता दबाव भी इन तबादलों के पीछे की एक वजह बताया जा रहा है। अब सवाल उठ रहा है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में अगला नंबर किसका होगा। सूत्र बता रहे हैं कि आने वाले कुछ दिनों में त्यौहारी सीजन निपटते ही दोबारा से अधिकारियों की तबादला एक्सप्रेस छोटी-छोटी रवाना की जाएगी।

### बाहर भेजे गए तीन आईपीएस और दो पीपीएस

**करंट क्राइम ।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में जहां सबसे पहले तबादला डीसीपी सिटी कुंवर ज्ञानजंय सिंह का हुआ था, वह यहां से एसपी हापुड़ बना कर भेजे गए थे। इसके कुछ दिन बाद ही डीसीपी देहात के रूप में सेवा दे रहे आईपीएस अधिकारी विवेक चंद यादव का तबादला पहले लखनऊ और फिर पांच दिन के भीतर प्रयागराज किया गया। इन दोनों आईपीएस अधिकारियों के तबादले के बाद गाजियाबाद में लंबे समय से साइड लाइन पोस्टिंग में मौजूद आईपीएस अधिकारी शुभम पटेल का तबादला हुआ और उनको लखनऊ भेजा गया। इन तबादलों के बाद बीते दिनों दो एसीपी स्तर के अधिकारियों के तबादले हुए हैं। जिसमें एसीपी क्राइम अजीत रजक का तबादला जौनपुर हुआ। तो वही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में एसीपी नंदग्राम रवि कुमार सिंह का एक तबादला गोरखपुर किया गया है। एक के बाद एक हो रहे इन तबादलों की वजह साफ नहीं हो रही लेकिन पुलिस महकमें में एक के बाद एक हो रहे तबादलों की चर्चा इन दिनों जोरों पर सुनाई दे रही है।

### अगला नंबर किसका, क्या कई लोग कर रहे हैं प्रयास

**करंट क्राइम ।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में इन दिनों चर्चा है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद से तबादले में अगला नंबर किसका है, यह चर्चा न सिर्फ खाकी बल्कि खादी वालों के बीच भी सुनाई दे रही है। उधर पुलिस कमिश्नरेट में विश्वसनीय सूत्र बता रहे हैं कि कुछ एसीपी स्तर के अधिकारी ऐसे हैं, जो कमिश्नरेट से बाहर जाने के लिए प्रयास कर रहे हैं। वहीं कुछ लोगों का समय अक्टूबर तक पूरा होने वाला है। वह भी यहां से निकलने का प्रयास कर रहे हैं। देखना होगा आने वाले दिनों में जो तबादला लिस्ट आती है उसमें पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद से किसका कनेक्शन जुड़ता है।

# नगर निगम की जंग में मेयर के मजबूत सारथी बनकर लौटे राजीव शर्मा

## निगम में चर्चा जय इज बैक लौटेंगे जल्द वीरू भी

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनीति में कई चेहरे ऐसे होते हैं जो अपना एक मजबूत किरदार रखते हैं। राजनीति में नेताओं की कार्यशैली से कई बार नामकरण हो जाता है। अब जैसे ही बुल्डोजर का जिक्र आता है तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का चेहरा सामने आ जाता है। चुनाव प्रचार के दौरान तो ये कई बार हुआ कि उनकी रैलियों में बुल्डोजर खड़ा किया गया। ये उनकी पहचान उनका नामकरण था। नगर निगम की बात करें तो यहां भी किरादार का जन्म सरकार आते ही हुआ था।जब नगर निगम में मेयर के रूप में सुनीता दयाल की पारी शुरू हुई तो उन्हें यहां दो अनुभवी पार्षदों का साथ मिला। ये अनुभवी पार्षद राजीव शर्मा और प्रवीण चौधरी थे। नगर निगम की शुरूआती तस्वीरें इस बात की गवाह हैं कि निरीक्षण नाले का हो या निरीक्षण कूड़े का हो मेयर के साथ प्रवीण चौधरी और राजीव शर्मा ही नजर आते थे। बोलचाल की भाषा में किसी ने इस जोड़ी को करण अर्जन की जोडी बताया तो किसी ने जय और वीरू बताया। योग्यता की दृष्टि से देखें तो दोनों ही अनुभवी पार्षद हैं और दोनों के नाम के आगे निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष लग चुका है। दोनों ही कानून के जानकार हैं और



एडवोकट हैं और सबसे बड़ी बात ये कि दोनों ही पार्षद निगम एक्ट के गहन जानकार हैं और ये जानते हैं कि अपनी बात को अधिकारियों के सामने रखना कैसे है। राजनीति में समय करवट लेता है और नगर निगम की कहानी आगे बढ़ी तो पता नहीं किसका डायरेक्शन था लेकिन रिएक्शन ये हुआ कि जय और वीरू अचानक सीन से गायब हो गये। किसी ने कुछ कहा नहीं किसी ने कुछ सुना नहीं लेकिन सीन में किसी की पूरी शीतलता के साथ एन्ट्री हुई तो कोई गोयल भी आ गये। सबकुछ सामान्य था और सब ठीक चल रहा था लेकिन अनुभव का, योग्यता का और साहस का अपना पैरामीटर होता है और जब जंग का ऐलान हुआ तो यहां कहने वाले कुछ भी कहें लेकिन देखने वालों ने देखा कि साथी के रूप में, संकट मोचक के रूप में राजीव शर्मा मेयर के साथ आ गये। ये उनका बड़ा दिल भी है और पार्टी के प्रति कमिटमेंट भी है कि जब निगम की मुखिया पर संकट आया तो वो सब कुछ भूल कर कमल के फूल पर नजर आये। वो राज धर्म का पालन करते हुए अपनी पार्टी के मेयर के साथ आकर खड़े हुए। इसे राजीव शर्मा की अतिरिक्त योग्यता कहा जायेगा कि जब जंग वाला सीन हो गया तो मेयर सुनीता दयाल ने प्रेस कान्फ्रे स में राजीव शर्मा को अपने साथ बिठाया। ये अनुभव की कद्र है, योग्यता की कद्र है। क्योंकि मेयर जानती है कि जब सवालों का आमना सामना होगा तो राजीव शर्मा यहां पूरी तरह मोर्चा संभालेंगे। वो निगम की कार्यप्रणाली को बेहतर जानते हैं और देखने वालों ने फिर यही कहा कि जय इज बैक और वीरू भी जल्द लौटेंगे। फिलहाल वीरू कहां है ये पता नहीं। लेकिन कहने वाले कह रहे है कि जब जय आ गये है तो वीरू भी आ ही जायेंगे।

### मिला होता मौका तो कर देते वो गेम को चेंज

**करंट क्राइम।** राजीव शर्मा एक्टिव पार्षद हैं और वो जन राजनीति से लेकर निगम के सारे दावं पेचों को बखूबी जानते हैं। लेकिन उनका दिल उस पर्ची से दुखा जिसमें वो कार्यकारिणी से आउट हो गये। इस पर्ची सिस्टम से आउट होने के बाद उनको डाउट था और उन्होंने अपने लहजे से ये जताया भी कि सितम होना था ये ठीक था लेकिन सारा सितम हम पर ही होना था ये तो ठीक नहीं है। कार्यकारिणी से भी आउट हुए और उपाध्यक्ष वाले पद में भी एक्स लग गया। लेकिन नगर नगम की जय-वीरू वाली जोड़ी के जय ने मेयर को ये विश्वास दिलाया था कि यदि आप मेरा विश्वास करें तो मैं इस गेम को चेंज कर दूंगा। मेरे पास इतने वोट है कि मैं पांचवा सदस्य आपके पक्ष में ले आऊंगा। मैं चुनाव जीत जाऊंगा। सुबह से शाम हो गई और चुनाव स्थगित हो गया। जानकार मानते हैं कि यदि जय को मौका मिला होता तो उन्होंने निगम कार्यकारिणी में पांचवे पद पर भी भाजपा की जय जय कर दी होती।

# अगर जल्द ही नहीं सुलझा मेयर-नगर आयुक्त के बीच का विवाद

## तो क्या लंबे समय के लिए टल जायेगा 120 करोड़ रुपए से होने वाला विकास

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जिस नगर निगम में भाजपा 100 पार्षदों वाले सदन में 75 पार्षदों के साथ है। जिस नगर निगम में मेयर की कुर्सी पर निगम के गठन से ही भाजपा का कब्जा है। जिस उत्तर प्रदेश में लगातार दूसरी बार भाजपा की सरकार है। उस नगर निगम में नगर आयुक्त और मेयर की बीच आपसी तकरार है। तकरार अब खुलकर बाहर आ गई और पहले एक दूसरे पर लैटर वॉर हुई और फिर बात बयानों तक आ गई। दोनों पक्ष आमने सामने आ गये। सत्ताधारी दल की मेयर ने प्रेस वार्ता की और नगर आयुक्त पर आरोप लगाये। नगर आयुक्त ने भी पलटवार किया और आरोपों का जवाब दिया।

सरकार किसी भी की हो लेकिन अफसरशाही और जनप्रतिनिधियों में अगर तकरार हो जाती है तो इसका असर विकास की रफ्तार पर पड़ता है। क्योंकि रफ्तार के लिए अफसर और जनप्रतिनिधि दोनों जिम्मेदार होते हैं। नगर निगम में आरोप पर आरोप लग रहे हैं और पत्रावली से लेकर छिड़ा युद्ध अब कई मुद्दों को लेकर बाहर आ गया है। इस विवाद की शुरूआत 7 अगस्त को हुई और 8 अगस्त को नगर आयुक्त छुट्टी पर चले गये। उसके बाद नगर स्वास्थ्य अधिकारी भी छुट्टी पर चले गये। सूत्र बताते हैं कि नगर आयुक्त आज अवकाश से वापस लौट रहे हैं।



दोनों के बीच का विवाद कब समाप्त होगा, पता नहीं है। लेकिन इस विवाद के साईड इफैक्ट विकास पर पड़ेंगे। नगर निगम के जानकार बताते हैं कि नगर आयुक्त और मेयर के विवाद का असर कई विकास कार्यों पर पड़ेगा।

जबकि अपनी ही सरकार हो तो यह प्रयास होना चाहिए कि शहर का विकास नहीं रूकना चाहिए। लेकिन अब बात लैटर और ऐलीगेशन से आगे आ गई है। मेयर ने पार्षदों को साथ लेकर प्रेस वार्ता कर ली और यहां पर जो बात निकल कर सामने आई है वो ये है कि अगर ये विवाद जल्द समाप्त नहीं होता है तो इसके असर विकास पर पड़ जायेंगे। क्योंकि निगम में चाहे अवस्थापना की निधि हो चाहे वित्त आयोग का पैसा हो, चाहे वो विकास के अन्य मदों का पैसा हो लेकिन यहां पर नगर आयुक्त और मेयर के आपसी तालमेल के बिना बात नहीं बनेगी।

क्योंकि शहर को विकास चाहिए और विकास के लिए प्रस्ताव पर सहमति चाहिए। अगर संवाद की स्थिति होगी तो सहयोग की स्थिति बनेगी और विवाद की स्थिति होगी तो सीन रोड़े अटकाने का हो जायेगा। अब बाधा किसी भी तरफ से लगे लेकिन ये विकास की रफ्तार को आधा करता है। सूत्र बताते हैं कि इस विवाद का असर 120 करोड़ रुपए के विकास पर पड़ेगा। सूत्र बताते हैं कि 15वें वित्त आयोग से जूडे कई प्रस्ताव भी बन चुके हैं और लंबे समय से 120 करोड़ रुपए की धनराशि से विकास होना है।

उम्मीद भी जगी थी लेकिन इसी बीच मेयर और नगर आयुक्त के बीच आरोपों की रस्सा कसी शुरू हो गई और इसमें 120 करोड़ रुपए के कामों वाली फाईल अटक गई। जानकार यही मान रहे हैं कि अगर शहर की तस्वीर बदलनी है तो यहां मेल मिलाप जरूरी है। क्योंकि विकास प्रभावित नहीं होना चाहिए। दोनों में से किसी भी की इगो जनहित से बड़ी नहीं हो सकती और यह भी सच है कि मेयर की सोच भी विकास वादी है वो नगर निगम को एक नया आयाम देना चाहती हैं, विकास के काम देना चाहती है और इसमें भी कोई दो राय नहीं है कि नगर आयुक्त एक कर्मठ अधिकारी है विजन के साथ काम करते हैं। अभी तक का उनका कार्यकाल गैरविवादित रहता है। यदि मेयर वाले विवाद को छोड़ दें तो वो हमेशा समाधान के दृष्टिकोण के साथ काम करते हैं। ऐसे में ये जरूरी हो गया है कि इस गतिरोध को समाप्त करा जाये। नगर निगम के विकास की गाडी को पटरी पर लाया जाये।

# पिंकी चौधरी की गिरफ्तारी और रासुका कार्रवाई के विरोध में आत्मदाह की चेतावनी, कमिश्नरेट का भी हो सकता है घेराव

## सोशल मीडिया एक्स पर अपलोड किया वीडियो, अधिकारियों पर जताई नाराजगी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** बांग्लादेशियों पर हमले और मारपीट के आरोप में जेल में बंद हिंदू रक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष भूपेंद्र तोमर उर्फ पिंकी चौधरी की गिरफ्तारी के विरोध में और पुलिस द्वारा उसपर रासुका लगाए जाने की तैयारी को लेकर हिंदू रक्षा दल ने विरोध करना शुरू कर दिया है। सोमवार को हिंदू रक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पिंकी चौधरी के एक्स अकाउंट पर एक वीडियो अपलोड की गई है। जिसमें उसके कार्यकर्ता और सदस्य सामूहिक रूप से घोषणा कर रहे हैं कि अगर पिंकी चौधरी को जल्द रिहा नहीं किया गया और रासुका लगाई गई तो सभी लोग अधिकारियों का घेराव करेंगे। साथ ही लखनऊ में सीएम आवास या कार्यालय के बाहर ही सामूहिक आत्मदाह भी करेंगे। वीडियो में पिंकी के सहयोगी व एडवोकेट संकेत कटारा ने पुलिस द्वारा पिंकी चौधरी पर की गई कार्रवाई को लेकर सवाल खड़े किए हैं। वहीं गंभीर आरोप भी लगाए गए हैं। सोशल मीडिया पर यह वीडियो बहुत तेजी से वायरल भी हो रही है।

### पिंकी चौधरी और सत्यम पंडित 14 दिन के लिए भेजे गए हैं जेल



**करंट क्राइम ।** मधुबन बापूधाम थानाक्षेत्र के अंतर्गत झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले लोगों पर बांग्लादेशी कहकर किए गए हमले के मामले में जेल में बंद पिंकी चौधरी और सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक बयानबाजी करने को लेकर जेल भेजे गए सत्यम पंडित को 14-14 दिन की न्याय हिरासत में भेजा गया है। पुलिस इनकी जांच कर रही है और उनके खिलाफ अन्य साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं ताकि इन पर गंभीर कार्रवाई की जा सके। बता दें कि पिंकी चौधरी पर पुलिस ने पहले भी गैंगस्टर व अन्य कार्रवाई की तैयारी की थी लेकिन वह तब सफल नहीं हो पाई थी। सूत्र बता रहे हैं कि लखनऊ के इशारे पर पूरी कार्रवाई की जा रही है।

### अधिकारियों का घेराव भी कर सकते हैं कार्यकर्ता

**करंट क्राइम ।** बता दें कि हिंदू रक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पिंकी चौधरी को जेल भेजा गया है। तो उनका दल आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी कर रहा है। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि आने वाले दिनों में कार्यकर्ता और पार्टी से जुड़े लोग पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में कुछ अधिकारियों का घेराव या प्रदर्शन कर सकते हैं। वहीं मुख्यमंत्री कार्यालय लखनऊ के बाहर भी आत्मदाह की चेतावनी दी है। वीडियो में बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता नजर आ रहे हैं ,जो एक साथ सामूहिक घोषणा कर रहे हैं।

## संपादकीय

# बेहतर हुए रिश्ते

अ विदेश मंत्री एस जयशंकर की पिछले सप्ताह हुई मालदीव यात्रा के दौरान वहां राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू का जैसा दोस्ताना रवैया दिखा, उसे भावनात्मक राजनीति के तकाजों पर कूटनीति की ठोस हकीकतों की जीत के रूप में रेखांकित किया जा सकता है। पिछले करीब एक साल की अवधि में दोनों देशों के रिश्तों ने तो हिचकोले खाए ही, एक देश के रूप में भी मालदीव कई कड़वे अनुभवों से गुजरा।

इस प्रकरण की शुरूआत पिछले साल होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से मानी जा सकती है जिसमें एक प्रत्याशी के तौर पर मुइज्जू ने भारत विरोधी भावनाओं पर दांव लगाया था। वह बार-बार सार्वजनिक तौर पर यह संकल्प करते देखे गए कि सत्ता में पहुंचते ही भारतीय सैनिकों को मालदीव से विदा कर देंगे। हालांकि सबको पता था कि भारतीय सैनिकों की वहां मौजूदगी सांकेतिक ही थी।

चुनावों के दौरान ही यह साफ हो गया था कि मुइज्जू भारत के साथ रिश्तों में आ रही संभावित दूरी की भरपाई चीन से करीबी रिश्तों के रूप में करना चाहते हैं। हालांकि एक्सपट्र्स तब भी इस बात की ओर ध्यान खींच रहे थे कि भू-राजनीति की वास्तविकताओं के मद्देनजर यह संभव नहीं है कि मालदीव में जो भूमिका भारत निभा सकता है, वह चीन निभाने लगे।

राष्ट्रपति पद ग्रहण करने के बाद मुइज्जू के बयानों में हलकी सी नरमी जरूर दिखी, लेकिन नीतियों की दिशा बदलने का प्रयास भी जारी रहा। चुनावों के दौरान बने माहौल का असर ही कहिए कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लक्षद्वीप यात्रा को लेकर मालदीव के एकाधिक मंत्रियों ने सार्वजनिक मंचों से ऐसी टिप्पणियां कीं, जिनसे दोनों देशों के रिश्तों में धीरे-धीरे बनता तनाव अचानक बेकाबू हो गया। सोशल मीडिया पर बॉयकॉट मालदीव का हैशटैग ट्रेंड करने लगा।

मालदीव की नई सरकार के रुख को देखते हुए भारत ने भी वेट एंड वॉच की पॉलिसी अख्तियार कर ली। नतीजा यह हुआ कि भारत से छुट्टियां बिताने मालदीव जाने वाले टूरिस्टों की संख्या कम होने लगी। इस साल के शुरूआती चार महीनों की अवधि में वहां भारतीय टूरिस्टों की संख्या में 42% की कटौती दर्ज की गई। ध्यान रहे, मालदीव की GDP में टूरिज्म का योगदान 30% है।

इतना ही नहीं, भारत के सहयोग से चलने वाले इन्फ्रा प्रॉजेक्ट्स और हेल्थ, एजुकेशन और कृषि क्षेत्रों से जुड़े कई प्रॉजेक्ट्स का भविष्य भी अधर में लटका दिखाई देने लगा। मुइज्जू सरकार इनकी अनदेखी नहीं कर सकती थी। किसी अन्य देश का सहयोग भी इसकी भरपाई नहीं कर सकता था। ऐसे में मुइज्जू सरकार ने पिछले कुछ समय से अपने रुख में बदलाव का संकेत देना शुरू कर दिया था। भारत ने भी इन संकेतों का सम्मान किया। नतीजा यह कि दो पड़ोसी देशों के पुराने रिश्ते फिर पटरी पर लौटते दिख रहे हैं।

# हिंडनबर्ग की रिपोर्ट पर भारतीय शेयर बाजार को लेकर राहुल गांधी का दावा फेल

## सोशल मीडिया पर यूजर्स दे रहे प्रतिक्रिया



**नई दिल्ली।** सोमवार की सुबह भारतीय शेयर बाजार तेजी के साथ खुला। सेंसेक्स ने 300 से ज्यादा अंकों की छलांग के साथ ओपनिंग शुरू की। बेंचमार्क इंडेक्स हरे निशान पर लौटे। जबकि हिंडनबर्ग रिसर्च की ओर से सेबी पर लगाए गए आरोप के बाद यह दावा किया जा रहा था कि घरेलू शेयर बाजार में सोमवार को भारी गिरावट देखने को मिलेगी। हालांकि दावे के अनुसार घरेलू शेयर बाजार सोमवार को गिरावट के साथ शुरू तो हुआ लेकिन इसने जल्द ही रफ्तार पकड़ ली और उसने संभलते हुए 300 से ज्यादा अंक की वृद्धि दर्ज कर ली। इसके बाद बाजार विशेषज्ञों ने भी कहना शुरू कर दिया कि अंतरराष्ट्रीय शोध कंपनी के नकारात्मक रिपोर्ट के बाद भी घरेलू शेयर बाजार ने इस रिपोर्ट के दावे को खारिज कर दिया है। सेंसेक्स और निफ्टी में जारी तेजी ने बाजार का रूख बता दिया। जबकि हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के बाद लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने चिंता जताई थी कि देशभर के ईमानदार निवेशकों के मन में सरकार के लिए कई सवाल हैं। जैसे, सेबी की अध्यक्ष माधवी पुरी बुच ने अभी तक इस्तीफा क्यों नहीं दिया? अगर निवेशकों की गाढ़ी कमाई डूब जाती है, तो इसके लिए कौन जिम्मेदार होगा? उन्होंने यह इल्जाम भी लगाया था कि सेबी अध्यक्ष के खिलाफ लगे आरोपों से लगता है कि संस्था की शुचिता के साथ गंभीर समझौता हुआ है, ऐसे में क्या उच्चतम न्यायालय इस मामले पर फिर स्वतः संज्ञान लेगा। राहुल गांधी ने इसके साथ ही कहा था कि देश भर के लोगों ने अपनी गाढ़ी मेहनत की कमाई को बाजार में निवेश किया है। ऐसे में इस रिपोर्ट के बाद उनका निवेश रिस्क जोन में पहुंच गया है। लेकिन, जिस तरह से आज ओपनिंग के बाद से बाजार का रूख नजर आ रहा है उससे तो साफ पता चलता है कि यह बाजार की सामान्य प्रक्रिया है। क्योंकि शेयर बाजार इतनी गिरावट या उछाल के साथ तो हर रोज खुलता या बंद होता है। इस रिपोर्ट का भारतीय बाजार पर ना तो कोई असर नजर आ रहा है और ना ही निवेशकों का विश्वास घरेलू शेयर बाजार को लेकर डिगा है। ऐसे में यह रिपोर्ट स्वतः खारिज हो जा रही है। ऐसे में राहुल गांधी के भारतीय शेयर बाजार को लेकर रिपोर्ट के बाद किए गए दावों पर सोशल मीडिया पर यूजर्स भी अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। लोग लिख रहे हैं कि सेंसेक्स सकारात्मक रूख के साथ शुरू हुआ है और 300 अंक ऊपर है। यह भारतीय निवेशकों द्वारा राहुल गांधी और उनके सहयोगी हिंडनबर्ग को करारा तमाचा है। राहुल गांधी ने यह डर फैलाया कि शेयर बाजार में निवेश किया गया भारतीयों का पैसा खतरे में है, बाजार ढह जाएगा। उन्होंने बाजार को गिराने के लिए ऐसा किया। उन्होंने हिंडनबर्ग एजेंडा चलाने के लिए भुगतान भी किया। निवेशकों ने रिपोर्ट देखी और कुछ नहीं पाया, वे जानते हैं कि हिंडनबर्ग भारत के खिलाफ एजेंडा चला रहा है, जिसका समर्थन केवल राहुल गांधी कर रहे हैं। वहीं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक और अन्य यूजर ने लिखा कि राहुल गांधी ने रविवार को भारतीय शेयर बाजार पर हमला करने की पुरजोर कोशिश की। उन्होंने सोचा कि सोमवार को बाजार गिर जाएगा और उनके पास मोदी सरकार पर हमला करने का एक और मौका होगा।

# एमके ग्लोबल ने अदाणी ग्रीन पर दी खरीदारी की राय, टारगेट प्राइस 2,550 रुपये तय किया

**नई दिल्ली।** अदाणी ग्रुप की कंपनी अदाणी ग्रीन एनर्जी आने वाले समय में अतिरिक्त पावर परचेज एग्रीमेंट हासिल कर सकती है। इसका असर कंपनी की लागत पर होगा और वित्तीय स्थिति मजबूत होगी। ब्रोकरेज फर्म एमके ग्लोबल ने शेयर की कवरेज शुरू करते हुए सोमवार को अपनी रिपोर्ट में ये बात कही। ब्रोकरेज हाउस ने अपनी रिपोर्ट में अदाणी ग्रीन एनर्जी के शेयर का टारगेट प्राइस 2,550 रुपये निर्धारित किया है, जो कि मौजूदा भाव से 50 प्रतिशत ज्यादा है। एमके के मुताबिक, वित्त वर्ष 24-



30 के बीच अदाणी ग्रीन का ऑपरेटिंग मुनाफा और शुद्ध मुनाफा 38 प्रतिशत और 61 प्रतिशत के सीएजीआर (कंपाउंडेड एनुअल ग्रोथ रेट) से बढ़ सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अदाणी ग्रीन एनर्जी की ओर से गुजरात और राजस्थान में 50 गीगावाट सोलर और विंड एनर्जी क्षमता विकसित करने की साइट्स का अधिग्रहण कर लिया गया है। इन साइट्स का यील्ड वैश्विक स्तर पर सबसे ज्यादा है। केंद्रित विकास कंपनी के कैपेसिटी यूटिलाइजेशन फैक्टर को अच्छा कर सकता है। ब्रोकरेज हाउस ने आगे कहा कि पिछले पांच वर्षों में अदाणी ग्रीन एनर्जी की ऊर्जा उत्पादन क्षमता 41 प्रतिशत के सीएजीआर से बढ़ी है। हमें उम्मीद है कि 2024-30 के बीच यह 30 प्रतिशत के सीएजीआर से बढ़ सकती है।

# देश में चालू वित्त वर्ष के पहले चार महीने में बढ़ी नई कंपनियों की संख्या

**नई दिल्ली।** देश में नई कंपनियों और एलएलपी (लिमिटेड लायबिलिटी पार्टनरशिप) की संख्या चालू वित्त वर्ष के पहले चार महीने में 5 प्रतिशत बढ़कर 91,578 हो गई है, पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह आंकड़ा 87,379 पर था। कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा यह जानकारी दी गई है। एक वरिष्ठ अधिकारी की ओर से बताया गया है कि चालू वित्त वर्ष में कंपनियों की संख्या में बढ़ोतरी देश में कारोबारी माहौल में सुधार को दशार्ती है। पूरे वित्त वर्ष 2023-24 में नई कंपनियों की संख्या में 15 प्रतिशत की बढ़त हुई थी। मार्च 2024 तक भारत में 26,63,016 कंपनियां पंजीकृत हैं। आंकड़ों के मुताबिक, भारत में कुल 5,164 विदेशी कंपनियां पंजीकृत हैं, जो दिखाता है कि देश में तेजी से विदेशी निवेश बढ़ रहा है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष में अब तक 10.17 लाख डीआईआर-3 केवाईसी फॉर्म जमा हुए हैं, जिनकी संख्या 2023-24 में 7.98 लाख थी। मौजूदा समय में कंपनियों के प्रत्येक डायरेक्टर को वित्त वर्ष के अंत में या पहले डायरेक्टर आइडेंटिफिकेशन नंबर (डीआईएन) दिए जाते हैं। डीआईएन नंबर अप्रूव होने बाद हर डायरेक्टर को डीआईआर-4 केवाईसी फॉर्म जमा करना होता है। अधिकारियों का कहना है कि आने वाले समय में इस आंकड़े में और इजाफा देखने को मिल सकता है, क्योंकि बजट 2024-25 में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) के लिए नई स्कीमों के ऐलान के कारण नई कंपनियों की संख्या में बढ़ोतरी हो सकती है।

# हफ्ते के पहले दिन गिरावट के साथ खुला शेयर बाजार

## मेटल और ऑटो शेयरों में बिकवाली

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार सोमवार के कारोबारी सत्र में मंदी के साथ खुला। बाजार में गिरावट देखी जा रही है। सुबह 9:19 पर सेंसेक्स 312 अंक या 0.39 प्रतिशत गिरकर 79,393 और निफ्टी 95 अंक या 0.39 प्रतिशत फिसलकर 24,271 पर था। बाजार का रुझान नकारात्मक बना हुआ है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर 1,078 शेयर हरे निशान में, 1,892 शेयर लाल निशान में और 145 शेयर में बिना किसी बदलाव के कारोबार हो रहा था। मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में हल्की गिरावट है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 159 अंक या 0.28 प्रतिशत की गिरावट के साथ 57,105 और निफ्टी स्मॉलकैप 16 अंक की मामूली गिरावट के साथ 18,394 पर है। सोमवार शाम को भारत सरकार की ओर से जुलाई के खुदरा महंगाई और जून के इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन के आंकड़े जारी किए जाएंगे। सेक्टर के हिसाब से देखें तो रियल्टी को छोड़कर करीब सभी इंडेक्स में लाल निशान में कारोबार हो रहा है। ऑटो, आईटी, पीएसयू बैंक, मेटल, मीडिया और एनर्जी शेयरों में सबसे ज्यादा गिरावट है। सेंसेक्स पैक में एशियन पेंट्स, जेएसडब्ल्यू स्टील, टाटा मोटर्स, टेक महिंद्रा,



एचडीएफसी बैंक, सन फार्मा, मारुति सुजुकी और इन्फोसिस टॉप गेनर्स हैं। एनटीपीसी, पावर ग्रिड, एसबीआई, आईसीआईसीआई बैंक, नेस्ले, एचसीएल टेक और टीसीएस टॉप लूजर्स हैं। एशियाई बाजारों में मिलाजुला कारोबार हो रहा है। टोक्यो, बैंकॉक, सोल और हांगकांग हरे निशान में हैं। वहीं, शंघाई और जकार्ता लाल निशान में हैं। अमेरिका के बाजार शुक्रवार को हरे निशान में बंद हुए थे। कच्चे तेल का बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 79.79 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 77.09 डॉलर प्रति बैरल पर है। बाजार के जानकारों का कहना है कि घरेलू के साथ-साथ वैश्विक स्तर पर आज कई डेटा आने वाले हैं, जिनका निवेशकों को इंतजार है। हिंडनबर्ग की ताजा रिपोर्ट का बाजार पर कोई खास असर नहीं होगा और ऐसे समय में गिरावट पर खरीदारी की रणनीति सही रहेगी।

## राशिफल

**मेष:** नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। कोई बड़ा काम करने का मन बनेगा। मेहनत का फल मिलेगा। मित्रों तथा संबंधियों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा।

**वृष:** नजदीकी वातावरण सुखद रहेगा। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। आत्मसम्मान बना रहेगा।

**मिथुन:** यात्रा लाभदायक रहेगी। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। कोई बड़ा कार्य होने से प्रसन्नता में वृद्धि होगी। भाग्य का साथ रहेगा।

**कर्क:** पुराना रोग परेशानी तथा बाधा का कारण बन सकता है। लापरवाही न करें। फालतू खर्च होगा। आर्थिक परेशानी रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

**सिंह:** यात्रा लाभदायक रहेगी। व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता प्राप्त होगी। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है।

**कन्या:** नई योजना बनेगी। तत्काल लाभ नहीं मिलेगा। कार्यस्थल पर सुधार या परिवर्तन संभव है। लंबित कार्य पूर्ण होने के योग हैं।

**तुला:** राजकीय सहयोग से कार्य पूर्ण होंगे। व्यापार-व्यवसाय से लाभ होगा। नौकरी में चैन रहेगा। सहकर्मी साथ देंगे।

**वृश्चिक:** चोट व दुर्घटना से शारीरिक हानि संभव है। स्वास्थ?य का पाया कमजोर रहेगा। काम में मन नहीं लगेगा। क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें।

**धनु:** कानूनी बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। नए काम मिल सकते हैं। नौकरी में अधीनस्थ कर्मचारी सहयोग करेंगे।

**मकर:** स्थायी संपत्ति में वृद्धि के योग हैं। कोई बड़ा सौदा बड़ा लाभ दे सकता है। प्रमाद न कर भरपूर प्रयास करें। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे।

**कुंभ:** पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। मित्रों तथा परिवार के सदस्यों के साथ समय सुखमय व्यतीत होगा। शोध इत्यादि कार्यों में सफलता प्राप्त होगी।

**मीन:** नौकरी में तनाव रहेगा। अपेक्षित कार्य समय पर पूरे नहीं हो पाएंगे। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। भावना में बहकर कोई निर्णय न लें।

## चुटकुले

एक ऑटो वाले की शादी हो रही थी।
जब उसकी दुल्हन फेरों के वक्त उसके पास बैठी तो वह बोला, थोड़ा पास होकर बैठो, अभी एक और बैठ सकती है।
फिर क्या था मण्डप मे ही.. दे चप्पल दे चप्पल

---

लड़का :- तुम लड़किया लव मैरिज क्यों करती हो..?
लड़की :- अनजान नमूना मिलने से अच्छा है, जाना पहचाना कमीना मिल जाये..!
लड़की :- तुम लड़के लव मैरिज क्यों करते हो..?
लड़का :- एनाकोंडा मिलने से अच्छा है की पहले से पाली हुई नागिन मिले..!

---

लड़की : अगर मैं मर जाऊं, तो तुम क्या करोगे?
लड़का : मैं भी मर जाऊंगा..!
लड़की : पर क्यों?
लड़का : तेरे चक्कर में उधारी इतनी हो गई है, कि जीना मुश्किल है!

## रोचक तथ्यों का करंट

- सूर्य द्वारा छोड़े गए 800 अरब से ज्यादा न्यूट्रॉन आपके शरीर में से गुजर गये होंगे जब तक आपने यह वाक्य पढ़ा होगा।
- सहारा रेगिस्तान दुनिया का सबसे बड़ा रेगिस्तान है जो 3500,000 २०. माइल्स में फैला है।
- कुत्ते के सूंघने की क्षमता इंसान से 1000 गुना ज्यादा होती है।
- विश्व की सबसे भारी धातु ऑस्मियम है। इसकी 2 फुट लंबी, चौड़ी व ऊँची सिल्ली का वजन एक हाथी के बराबर होता है।
- पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण से बाहर निकलने के लिए राकेट को 7 माइल्स प्रति सेकंड से जाना पड़ता है।
- सबसे पुराना रेडिओ प्रसारण 1930 में हुआ जो अब 100,000 तारों को पार कर चूका होंगा।
- लाइट की गति से भी हमे अपने पास वाली गैलेक्सी एंड्रोमेडा में जाने के लिए 2 मिलियन वर्ष लगेंगे।
- 2000 किलोमीटर दूर ग्रेड बैरियर रीफ धरती की सबसे बड़ी जीवित संरचना है।
- दुनिया में समुद्र में सबसे ज्यादा गहराई मरिआना ट्रेंच में है जो पेसिफिक समुद्र में है। इसकी गहराई 35,797 फीट है।
- धरती से किसी उल्कापिंड के टकराने का खतरा 9300 में से एक बार होता है।

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।
करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364
सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी



# लवलीना से लेकर निकहत तक उम्मीदों पर खरा नहीं उतरे भारतीय मुक्केबाज



**नई दिल्ली।** लवलीना से लेकर निकहत तक उम्मीदों पर खरा नहीं उतरे भारतीय मुक्केबाज, नहीं ला सके पदक३२पेरिस ओलंपिक का समापन हो गया है और भारत ने इन खेलों में एक रजत और पांच कांस्य सहित छह पदक अपने नाम किए। पेरिस ओलंपिक में भारतीय मुक्केबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद थी, लेकिन निकहत जरीन और लवलीना बोरगोहेन जैसे विश्व चैंपियन खिलाड़ियों के बावजूद भारतीय मुक्केबाज पेरिस में प्रभावित नहीं कर सके और उन्हें बिना पदक के लौटना पड़ा। लवलीना और निकहत और पदक लाने के प्रबल दावेदार थे, लेकिन इन दोनों पहलवानों ने निराश किया।

## मुक्केबाजी में पदक की थी उम्मीद

विजेंदर सिंह के बीजिंग ओलंपिक 2008 में ऐतिहासिक कांस्य पदक जीतने के बाद भारतीय मुक्केबाजों से ओलंपिक में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद की जाने लगी थी। इसके चार साल बाद एमसी मैरी कॉम ने लंदन ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। रियो ओलंपिक 2016 में भारतीय मुक्केबाज पदक नहीं जीत पाए लेकिन टोक्यो ओलंपिक में लवलीना कांस्य पदक हासिल करने में सफल रही थीं। इस परिदृश्य में उम्मीद की जा रही थी कि भारतीय मुक्केबाज पदक जीतने का सिलसिला जारी रखेंगे लेकिन उनका प्रदर्शन निराशाजनक रहा। खेल के जानकारों का मानना था कि क्वालिफाई करने वाले छह मुक्केबाजों से दो नहीं तो कम से कम एक पदक की उम्मीद की जा सकती है। दो बार की विश्व चैंपियन जरीन (50 किग्रा), लवलीना (75 किग्रा) और विश्व चैंपियनशिप 2023 के कांस्य पदक विजेता निशांत देव (71 किग्रा) सभी को पोडियम पर पहुंचने का मजबूत दावेदार माना जा रहा था। लेकिन जब वास्तविक प्रतिस्पर्धा की बात आई तो भारतीय खिलाड़ियों में आवश्यक गति की कमी नजर आई।

## लवलीना-निकहत ने किया निराश

निशांत को अपवाद माना जा सकता है क्योंकि क्वार्टर फाइनल में विवादास्पद परिणाम के कारण वह पदक से वंचित हो गए। जहां तक जरीन और लवलीना का सवाल है तो वह अपनी मजबूत प्रतिद्वंदियों के सामने संघर्ष करती हुई नजर आई। अमित पंघाल (51 किग्रा) अपनी पिछली फॉर्म को दिखाने में नाकाम रहे। लवलीना, पंघाल और निशांत को पदक सुरक्षित करने के लिए सिर्फ दो जीत की जरूरत थी। लवलीना और जरीन को हालांकि मुश्किल ड्रॉ मिला था लेकिन वह दोनों मौजूदा विश्व चैंपियन हैं और ऐसे में उनसे इस तरह की चुनौतियों से पार पाने की उम्मीद की जा रही थी, लेकिन इन दोनों मुक्केबाजों ने चीन की अपनी प्रतिद्वंदियों के सामने आसानी से घुटने टेक दिए। जरीन को स्वर्ण पदक का दावेदार माना जा रहा था लेकिन वह दूसरे दौर में ही वू यू से हार गईं। लवलीना को चीन की अपनी चिर प्रतिद्वंद्वी ली कियान से हार का सामना करना पड़ा। इन दोनों मुक्केबाजों के बीच अभी तक खेले गए चार मुकाबलों में से तीन में चीन की खिलाड़ी ने जीत दर्ज की है। पुरुष वर्ग में पंघाल जाम्बिया के पैट्रिक चिनेम्बा के खिलाफ अपने तेज और आक्रामक खेल का प्रदर्शन नहीं कर पाए। जांबिया का मुक्केबाज भी दूसरे दौर से आगे नहीं बढ़ पाया। जैस्मीन लैम्बोरिया (57 किग्रा) पिछले ओलंपिक खेलों की रजत पदक विजेता नेस्टी पेटेसियो से हार गईं। प्रीति पवार (54 किग्रा) ने मौजूदा विश्व रजत पदक विजेता येनी मासेर्ला एरियास को कड़ी चुनौती दी, लेकिन आखिर में अनुभव की कमी उनके आड़े आई और उन्हें हार का सामना करना पड़ा।

# एनसीए में प्रशिक्षण लेगी नेपाल की पुरुष टीम



**नई दिल्ली।** नेपाल की पुरुष क्रिकेट टीम आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप लीग 2 मैचों की तैयारी के लिए दो सप्ताह के लिए बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में प्रशिक्षण लेगी। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ नेपाल ने अपने 'एक्स' अकाउंट पर लिखा, राइनोज आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप लीग 2 तैयारी श्रृंखला के लिए तैयार होने के लिए भारत रवाना हो गए हैं! दो सप्ताह के लिए बैंगलोर में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में प्रशिक्षण हमारे खिलाड़ियों के कौशल और रणनीतियों को निखारेगा। आइए उन्हें शुभकामनाएं दें। इस साल की शुरूआत में नेपाल एक त्रिकोणीय श्रृंखला में भाग लेने के लिए भारत आया था, जहां उन्होंने यूएसए और वेस्टइंडीज में 2024 पुरुष टी20 विश्व कप की तैयारी के लिए वापी में गुजरात और बड़ौदा का सामना किया था। एनसीए में प्रशिक्षण के बाद, नेपाल सितंबर में अपनी दूसरी सीडब्ल्यूसी लीग 2 सीरीज के लिए सीधे कनाडा जाएगा, साथ ही ओमान भी उसी समय देश का दौरा करेगा। फरवरी 2024 में नामीबिया और नीदरलैंड के खिलाफ घरेलू त्रिकोणीय सीरीज के चार मैचों में से एक में जीत के बाद नेपाल वर्तमान में लीग 2 स्टैंडिंग में छठे स्थान पर है। कप्तान रोहित पौडेल, ऑलराउंडर दीपेंद्र सिंह ऐरी और लेग स्पिनर संदीप लैमिछाने हाल ही में संपन्न जीटी20 लीग में खेलने के कारण वर्तमान में कनाडा में हैं।

**नेपाल की प्रारंभिक टीम:** रोहित पौडेल (कप्तान), आसिफ शेख, कुशल भुर्टेल, सोमपाल कामी, ललित राजबंशी, सूर्या तमांग, देव खनाल, आरिफ शेख, करण केसी, गुलशन झा, दीपेंद्र सिंह ऐरी, अनिल साह, भीम शर्की, कुशल मल्ला, आकाश चंद, रिजन ढकाल, संदीप जोरा, अर्जुन सऊद, कमल सिंह ऐरी, सागर ढकाल, बसीर अहमद, संदीप लैमिछाने

# कांस्य पदक का फायदा, भारत पांचवें स्थान पर पहुंचा



**लुसाने (स्विट्जरलैंड)।** पेरिस ओलंपिक में लगातार दूसरा कांस्य पदक जीतने की बदौलत भारत ताजा विश्व हॉकी रैंकिंग में दो स्थान के सुधार के साथ पांचवें नंबर पर पहुंच गया है। पेरिस ओलंपिक के बाद सोमवार को जारी नई विश्व रैंकिंग में भारतीय पुरुष हॉकी टीम 2 स्थान ऊपर चढ़ गई है। भारत, जिसने ओलंपिक अभियान नंबर 7 पर शुरू किया था, रैंकिंग में नवीनतम अपडेट के बाद पांचवें स्थान पर आ गया है क्योंकि उसने पेरिस ओलंपिक 2024 में कांस्य पदक जीता था। भारत ने कांस्य पदक मैच में स्पेन को 2-1 से हराकर लगातार दूसरी बार पोडियम स्थान हासिल किया था। एफआईएच प्रो लीग के समापन के बाद भारत 7वें स्थान पर था क्योंकि उसका अभियान अच्छा नहीं रहा था। हालाँकि, भारत ने पेरिस ओलंपिक के दौरान शानदार फॉर्म दिखाया, जहाँ उन्होंने सिर्फ 2 मैच हारे और 5 मैच जीते। इससे उन्हें 2848.67 अंकों के साथ ऑस्ट्रेलिया से ऊपर 5वें स्थान पर पहुंचने में मदद मिली। पेरिस में हॉकी 2024 का समापन 9 अगस्त को नीदरलैंड के लिए ऐतिहासिक दोहरे स्वर्ण के साथ हुआ, क्योंकि किसी देश की पुरुष और महिला टीमों ने पहली बार ओलंपिक के एक ही संस्करण में हॉकी स्वर्ण जीता! जर्मनी के पुरुषों और चीन की महिलाओं ने अपनी ट्रॉफी कैबिनेट में एक रजत पदक जोड़ा, जबकि भारत के पुरुषों और अर्जेंटीना की महिलाओं ने पेरिस में कांस्य पदक जीतते हुए लगातार पदक जीते। पदकों के लिए प्रतिस्पर्धा पूरी तरह से खुली थी, और बहुत सारे आश्चर्य और अपसेट रहे क्योंकि पदक हासिल करने की होड़ ने विश्व रैंकिंग को हिला दिया। ओलंपिक गेम्स पेरिस 2024 के समापन के बाद ताजा रैंकिंग इस प्रकार है। पुरुषों की विश्व रैंकिंग में ओलंपिक चैंपियन नीदरलैंड (3168) रैंकिंग में शीर्ष पर है। नीदरलैंड खेलों में शीर्ष स्थान पर आया था, लेकिन ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ ड्रॉ और जर्मनी से हार के बाद पूल चरण में तीसरे स्थान पर खिसक गया, लेकिन खिताब के साथ लगातार चार जीत ने उन्हें फिर से पहले स्थान पर पहुंचा दिया। जर्मनी (3035) ने एक बार फिर बड़े टूर्नामेंट में अपना कौशल दिखाया, क्योंकि वे विश्व में पांचवें स्थान पर रहे, लेकिन रजत पदक की राह में नीदरलैंड, ग्रेट ब्रिटेन, अर्जेंटीना और भारत पर बड़ी जीत दर्ज करके विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गए। इंग्लैंड* (2973), बेल्जियम (2959) और भारत (2849) शीर्ष 5 स्थानों पर हैं। विशेष रूप से बेल्जियम अपने क्वार्टर फाइनल से बाहर होने से निराश होगा, जो गत चैंपियन के रूप में आया था। रेड लायंस का पूल चरण 4 जीत और एक ड्रॉ के साथ लगभग सही था, जिसने उन्हें विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचा दिया था, लेकिन क्वार्टर फाइनल में स्पेन से हार के कारण वे चौथे स्थान पर आ गए। जर्मनी की बढ़त से इंग्लैंड भी अपनी ओलंपिक-पूर्व रैंकिंग से एक स्थान नीचे गिरकर तीसरे स्थान पर आ गया है, जबकि भारत ओलंपिक में लगातार दूसरे कांस्य पदक के बाद अंतर को पाटते हुए दो स्थान ऊपर चढ़कर शीर्ष-5 में पहुंच गया है।

# कार्लोस अल्काराज की नजरें साल के अंत में नंबर 1 पर



**न्यूयॉर्क।** एक उल्लेखनीय सीजन के बाद, जिसमें उन्होंने लगातार दो ग्रैंड स्लैम खिताब जीते और पेरिस ओलंपिक में रजत पदक हासिल किया, 21 वर्षीय कार्लोस अल्काराज अब एक नए लक्ष्य, विश्व में शीर्ष क्रम के खिलाड़ी के रूप में वर्ष का समापन, पर नजर रख रहे हैं। जैसे ही वह सिनसिनाटी ओपन के लिए तैयार हो रहे हैं , अल्काराज ने एटीपी लाइव रेस टू ट्यूरिन में इटली के जानिक सिनर से केवल 450 अंक पीछे टूनार्मेंट में प्रवेश किया है, जिससे वह वर्ष को नंबर 1 खिलाड़ी के रूप में समाप्त करने के अपने लक्ष्य के करीब पहुंच गए हैं। अल्काराज ने एटीपी से कहा, जाहिर है, हर बार जब मैं पीछे होता हूं तो नंबर 1 बनना एक लक्ष्य होता है। इसलिए मैं वास्तव में उस पर ध्यान केंद्रित कर रहा हूं। मैं हर टूनामेंट में जाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा हूं, शानदार टेनिस खेलने के बारे में सोच रहा हूं, नंबर 1 दौड़ में बेहतर होने के लिए अच्छा परिणाम दे रहा हूं और इस साल नंबर 1 के रूप में साल का अंत करना मेरा लक्ष्य है। फिलहाल यह मेरे मुख्य लक्ष्यों में से एक है, इसलिए मैं इसे करने के लिए उत्सुक हूं और देखते हैं। अपने पिछले 22 मैचों में से 20 में जीत के साथ, अल्काराज जबरदस्त फॉर्म में है, इस दौरान उसने जिन दस शीर्ष 20 खिलाड़ियों का सामना किया उनमें से नौ को हराया है। फिर भी, स्पैनियार्ड स्थिर है, यह स्वीकार करते हुए कि ये सभी जीतें अपना सर्वश्रेष्ठ टेनिस खेलते हुए हासिल नहीं की गईं। अल्काराज ने स्वीकार किया, संभवतः मैंने जितने भी मैच जीते हैं, उनमें से अधिकांश मैंने महान टेनिस खेले बिना जीते हैं। लेकिन जिस तरह से मैं हर मैच को देखता हूं, मैं कुछ स्थितियों में मानसिक रूप से मजबूत रहता हूं, और मैं वास्तव में इससे बहुत खुश हूं। अल्काराज के सीजन का एक निर्णायक क्षण पेरिस ओलंपिक के दौरान आया, जहां उन्होंने फाइनल तक पहुंचने के लिए संघर्ष किया, लेकिन नोवाक जोकोविच के हाथों दिल तोड़ने वाले स्वर्ण-पदक मैच में हार गए। पुनः संगठित होने के लिए समय की आवश्यकता होने पर, उन्होंने अपने भाई और करीबी दोस्तों के साथ एक संक्षिप्त छुट्टी ली और अपने मन को शांत करने के लिए खेल से दूरी बना ली। उन्होंने कहा, मुझे टेनिस के बारे में सोचे बिना बस कुछ दिन चाहिए थे। सिनसिनाटी में प्रैक्टिस कोर्ट में लौटने पर, अल्काराज ने तरोताजा महसूस किया और नंबर 1 रैंकिंग की अपनी खोज जारी रखने के लिए तैयार हो गए। सिनसिनाटी ओपन में दूसरे वरीय के रूप में, अल्काराज का अपने शुरूआती मैच में गाएल मोंफिल्स या एलेक्सी पोपिरिन से भिड़ना तय है। उन्होंने कहा, मैं यहां फिर से खेलने के लिए उत्साहित हूं।

# बैडमिंटन की प्रतियोगिताओं में अभिनव चौहान ने जीते कई पदक

## जल्द खेलेंगे स्टेट लेवल की प्रतियोगिता

**गाजियाबाद, करंट क्राइम:** बैडमिंटन के मैदान में इन दिनों गाजियाबाद के अभिनव चौहान एक के बाद एक पदक जीतने का काम कर रहे हैं।

अभिनव चौहान बैडमिंटन के मैदान में अपने शानदार शॉट और उम्दा खेल प्रदर्शन के लिए पहचान बना रहे हैं। बता दें क अभिनव के पिता संतोष सिंह उत्तर प्रदेश पुलिस में इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत हैं। वह वर्तमान में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में यातायात निरीक्षक के पद पर हैं। अभिनव ने बीते दिनों कानपुर स्टेट चैंपियनशिप अंडर-15 में डबल्स मुकाबले में पलक यादव के साथ मिलकर स्वर्ण पदक जीतने का काम किया है। तो वहीं अंडर-17 में अभिनव और जयकुमार की जोड़ी ने ब्रॉन्ज मेडल जीता है।

वहीं गोरखपुर स्टेट एक्सडी अंडर-15 प्रतियोगिता में अभिनव और पलक ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया और स्वर्ण पदक अपने नाम किया है।

वहीं डबल्स प्रतियोगिता अंडर-17 में अभिनव चौहान और कार्तिक बालकदेश ने शानदार प्रदर्शन किया पर वह ब्रॉन्ज मेडल ही हासिल कर पाए। अभिनव चौहान बीते कुछ महीनो में अलग-अलग जिला, प्रदेश स्तर की प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और पदक जीतने के साथ में भविष्य के लिए बेहतर खिलाड़ी के रूप में ट्रेनिंग ले रहे हैं। उनके पिता संतोष सिंह ने बेटे के इस प्रदर्शन पर खुशी जाहिर की और उन्हें उम्मीद है कि आने वाले दिनों में बेटा बड़ी प्रतियोगिता में पदक हासिल करेगा। जिससे प्रदेश, गाजियाबाद और पुलिस का नाम रोशन होगा।




# जडेजा, अक्षर, गिल समेत अन्य खिलाड़ियों को दिलीप ट्रॉफी में खेलने का निर्देश



**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले बीसीसीआई ने केएल राहुल, शुभमन गिल, आर अश्विन, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, श्रेयस अय्यर और यशस्वी जायसवाल समेत राष्ट्रीय टीम के शीर्ष खिलाड़ियों को पूरी तरह या आंशिक रूप से दिलीप ट्रॉफी में हिस्सा लेने का निर्देश दिया है। घरेलू क्रिकेट को प्राथमिकता देने और सभी खिलाड़ियों को इसमें हिस्सा लेने के लिए बीसीसीआई कई ठोस कदम उठा रही है। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार, भारत के कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली को यह चुनने का विकल्प दिया गया है कि वे इसमें हिस्सा लेना चाहते हैं या नहीं। हार्दिक पांड्या शीर्ष अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों में से एकमात्र ऐसे खिलाड़ी है, जो अनुपस्थित हैं क्योंकि उन्होंने लाल गेंद वाले क्रिकेट से दूरी बना ली है। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय असाइनमेंट के लिए लगातार नजरअंदाज किए जाने के बावजूद, चयनकताओं द्वारा ईशान किशन को चार टीमों में से एक में शामिल किए जाने की संभावना है। रिपोर्ट में बताया गया है कि जसप्रीत बुमराह को भी छूट दी जाएगी और सर्जरी से अभी भी उबर रहे मोहम्मद शमी के भी प्रतियोगिता में भाग लेने की संभावना नहीं है। यह निर्णय बीसीसीआई और चयनकताओं द्वारा सामूहिक रूप से लिया गया, जिसमें नए कोच गौतम गंभीर की भी राय शामिल थी। रोहित शर्मा और विराट कोहली को छूट दिए जाने के बारे में एक सूत्र ने बताया, जिन्होंने कहा कि दोनों स्टार खिलाड़ी बहुत अधिक काम कर रहे हैं।

रिपोर्ट में एक सूत्र के हवाले से बताया गया है, यह उन पर निर्भर करता है कि वे खेलें या नहीं। रोहित ने आखिरी बार 2021 में घरेलू मैच खेला था, जबकि कोहली ने 2015 के बाद से राष्ट्रीय स्तर के किसी मैच में हिस्सा नहीं लिया है। घरेलू प्रतियोगिताओं में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को शामिल करना बीसीसीआई के घरेलू मैचों में खिलाड़ियों के न खेलने के मुद्दे को हल करने के प्रयासों के अनुरूप है। पिछले साल, बोर्ड ने इस नीति के तहत श्रेयस अय्यर और ईशान किशन को सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से बाहर रखा था। चार टीमों की दिलीप ट्रॉफी, एक बहु-दिवसीय प्रथम श्रेणी प्रतियोगिता है, जो 5 सितंबर से 22 सितंबर तक खेली जायेगी। इस प्रतियोगिता में कोई नॉकआउट मैच नहीं होगा। कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ ने पुष्टि की है कि बेंगलुरु का चिन्नास्वामी स्टेडियम 5 सितंबर से शुरू होने वाले छह चार दिवसीय रेड-बॉल मैचों में से पहले मैच की मेजबानी करेगा। हालांकि आंध्र प्रदेश के अनंतपुर को बहु-दिवसीय टूर्नामेंट के लिए निर्धारित स्थल बनाया गया है, लेकिन इस विशेष टूर्नामेंट को बेंगलुरु में स्थानांतरित कर दिया गया है।

# वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट ड्रॉ पर बावुमा का रिएक्शन



**पोर्ट ऑफ स्पेन।** दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा ने बताया कि वेस्टइंडीज के खिलाफ क्वींस पार्क ओवल में पहला टेस्ट ड्रॉ होने के बाद बल्लेबाजों को आक्रामक होने की जरूरत है। वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के बीच त्रिनिदाद के क्वींस पार्क ओवल में खेला गया पहला टेस्ट मैच ड्रॉ पर समाप्त हुआ, क्योंकि बारिश ने मैच के अधिकांश भाग में खलल डाला। बारिश के कारण 142 ओवरों का खेल रद्द हो गया। वेस्टइंडीज जीत से 97 रन दूर रह गई, जबकि दक्षिण अफ्रीका अंतिम पांच विकेट लेने में सफल नहीं हो पाई। बता दें, जीतने वाली टीम को विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के 12 अंक दिए जाते। यह ड्रॉ 12 महीने से अधिक समय में पुरुषों के टेस्ट क्रिकेट में पहला था। इसने दक्षिण अफ्रीका को 26.67 अंक के साथ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप स्टैंडिंग में सातवें स्थान पर पहुंचा दिया है और वेस्टइंडीज 20.83 अंक के साथ 9वें स्थान पर है। मैच के बाद बावुमा ने कहा, हमने अपनी तरफ से सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया। अंत में पर्याप्त समय नहीं था। विकेट से भी उतनी मदद नहीं मिली जितनी हमने उम्मीद की थी। हम टीम को संतुलित करने के लिए एक अतिरिक्त बल्लेबाज के साथ उतरे। हम बल्लेबाज के रूप में अधिक आक्रामक होना चाहते हैं। स्टब्स जैसे खिलाड़ी को इस तरह की पारी से बहुत आत्मविश्वास मिलेगा। बहुत सारी सकारात्मक बातें हैं। हमने मौसम के कारण समय गंवाया। श्रृंखला का दूसरा और अंतिम टेस्ट मैच गुरुवार 15 अगस्त से गयाना के प्रोविडेंस स्टेडियम में खेला जाएगा।

# मिनी आईपीएल जैसी होगी दिल्ली प्रीमियर लीग : आयुष बदौनी



**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रीमियर लीग के उद्घाटन के करीब आते ही, साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स के लिए खेलने वाले मार्की खिलाड़ी आयुष बदौनी ने आगामी लीग की तुलना आईपीएल से की। आयुष बदौनी ने इस बारे में अपनी उत्सुकता साझा करते हुए कहा, यह मिनी इंडियन प्रीमियर लीग की तरह होगी। दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) द्वारा शुरू की गई डीपीएल 17 अगस्त से 8 सितंबर तक नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। अब तक 62 टी20 मैचों में 977 रन बनाने वाले बदौनी ने कहा, दिल्ली प्रीमियर लीग खिलाड़ियों को बेहतरीन अनुभव प्रदान करेगी। मेरे लिए, यह मिनी आईपीएल की तरह होगी। इस तरह के मैच खेलने से हमेशा आत्मविश्वास बढ़ता है। इससे मुझे और दिल्ली के क्रिकेटरों को बेहतरीन अनुभव मिलेगा। स्टार खिलाड़ियों के खिलाफ खेलने की संभावना पर बात करते हुए, 24 वर्षीय बल्लेबाज ने कहा, दिल्ली के खिलाड़ी अपनी आक्रामक क्रिकेट के लिए जाने जाते हैं। इसलिए, डीपीएल क्रिकेट प्रशंसकों के लिए बहुत प्रतिस्पर्धी और देखने में मजेदार होगा। लीग के बारे में जो बात मुझे सबसे ज्यादा उत्साहित करती है, वह है इशांत शर्मा के खिलाफ खेलना। हम हमेशा यह मजाक करते हैं कि वह मुझे आउट कर देगा। मैं उससे कहता हूं कि मैं उसे सिक्स मारूंगा, इसलिए उसके खिलाफ खेलना मजेदार होगा। दिल्ली प्रीमियर लीग की छह टीमों के नामः साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स, ईस्ट दिल्ली राइडर्स, सेंट्रल दिल्ली किंग्स, नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स, वेस्ट दिल्ली लायंस और पुरानी दिल्ली 6। इस लीग में ऋषभ पंत, इशांत शर्मा, हर्षित राणा, यश ढुल और अन्य जैसे खिलाड़ी शामिल होंगे। साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स के लिए बदौनी शीर्ष पसंद थे, जिसके मालिक भारत के स्टार बल्लेबाज शिखर धवन हैं।

# पाकिस्तान दौरे के लिए मुशफि कुर और तस्किन की बांग्लादेशी टेस्ट टीम में वापसी



**ढाका।** अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज मुशफि कुर रहीम और तेज गेंदबाज तस्किन अहमद की बांग्लादेश टेस्ट टीम में वापसी हुई है। दोनों को 21 अगस्त से रावलपिंडी में पाकिस्तान के खिलाफ शुरू होने वाली टेस्ट सीरीज के लिए 16-सदस्यीय बांग्लादेशी टेस्ट टीम में चुना गया है। ये दोनों क्रिकेटर बांग्लादेश की पिछली टेस्ट सीरीज का हिस्सा नहीं थे, जो श्रीलंका के खिलाफ इस साल मार्च में खेला गया था। जहां मुशफि कुर अंगूठे की चोट के कारण बाहर थे, वहीं तस्किन को कंधे की चोट से उबरने के बाद आराम दिया गया था। तस्किन ने अपना पिछला टेस्ट जून 2023 में अफगानिस्तान के खिलाफ खेला था। तस्किन इस सीरीज में भी केवल दूसरे टेस्ट के लिए उपलब्ध होंगे, जो कि 30 अगस्त से कराची में खेला जाएगा। हालांकि इससे पहले वह 20 अगस्त से शुरू हो रहे दूसरे अनाधिकृत टेस्ट में बांग्लादेश ए टीम का हिस्सा होंगे। गौरतलब है कि बांग्लादेश ए की टीम भी पाकिस्तान दौरे पर है। श्रीलंका के खिलाफ खेलने वाले बल्लेबाज शहादत हुसैन को टीम में जगह नहीं मिली है, वहीं अनुभवी ऑलराउंडर शाकिब अल हसन टेस्ट दल का हिस्सा हैं। शाकिब ने पिछले महीने ही खुद को चयन के लिए उपलब्ध बताया था। इस टेस्ट टीम के छह सदस्य बांग्लादेश ए दल का भी हिस्सा हैं और शनिवार को पाकिस्तान पहुंच चुके हैं। 13 अगस्त से शुरू होने वाले पहले चार-दिवसीय मैच में मुश्फि कुर और मोमिनुल हक भी खेलेंगे। इस टीम में मुशफि कुर, मोमिनुल और शाकिब जैसे अनुभवी खिलाड़ी हैं, जिनके पास कुल 216 टेस्ट मैचों का अनुभव है। तैजुल इस्लाम और मेहदी हसन मिराज स्पिन विभाग की अगुवाई करेंगे, जिनके नाम आपस में कुल 350 विकेट हैं। बांग्लादेश को उम्मीद है कि कप्तान नजमुल हसन शांतो और लिटन दास भी अपनी बल्लेबाजी फॉर्म में उभार लाएंगे। चूंकि तस्किन सिर्फ. दूसरे टेस्ट के लिए उपलब्ध रहेंगे, इसलिए टीम में कुल पांच तेज गेंदबाजों को जगह मिली है।

# मनु भाकर और नीरज चोपड़ा के अफेयर की अफवाह

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक में जबरदस्त प्रदर्शन करने वाली महिला निशानेबाज मनु भाकर और भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा के अफेयर की अफवाहें उड़ रही हैं। मनु ने पेरिस में दो कांस्य पदक जीते जबकि नीरज ने रजत हासिल किया। पेरिस ओलंपिक में कांस्य और रजत पदक जीतने के बाद भारतीय एथलीट मनु भाकर और नीरज चोपड़ा अपने-अपने खेलों में धूम मचा रहे हैं। अब, मनु और नीरज का एक कार्यक्रम में एक दूसरे के साथ बातचीत करते हुए एक वीडियो वायरल हो रहा है। जैसे ही वे बातचीत खत्म करते हैं, भाकर की मां अपनी बेटी से चोपड़ा के साथ एक फोटो खिंचवाने के लिए कहती हैं। एक अन्य वीडियो में भाकर की मां जेवलिन स्टार से बात करती नजर आ रही हैं। भाकर और चोपड़ा की बातचीत के वीडियो ने एथलीटों के एक-दूसरे पर 'क्रश' होने की अटकलें तेज कर दी हैं। हालाँकि, सोशल मीडिया उपयोगकताओं के एक वर्ग ने उन लोगों की आलोचना की जिन्होंने उनके बीच 'रिश्ते' की अफवाहों को हवा देने का प्रयास किया। दोनों शमार्ते हुए बातें कर रहे हैं, उसकी माँ तस्वीरें ले रही हैं; एक यूजर ने कहा, "हवा में कुछ पक रहा है।" एक अन्य यूजर ने टिप्पणी की, प्यार हवा में है; शुद्ध अंतर्ज्ञान; फिर भी, ईश्वर इन दोनों और उनके जैसे अन्य सभी लोगों को आशीर्वाद दे, जो अपने जुनूनी क्षेत्रों में उत्कृष्टता की खोज में हैं।

**विज्ञप्ति**

पत्रांक बी-03/स्थाई | दिनांक 12/08/2024

टास्कफोर्स 47वीं वाहिनी पीएसी गाजियाबाद 12X12 क्षेत्रफल के कमरे को फास्ट फूड इत्यादि की ब्रिकी हेतु दिनांक 01-09-2024 से दिनांक 31-08-2025 तक 01 वर्ष की अवधि के लिये टेण्डर दिनांक 20-08-2024 को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित किये जायेगें। टेण्डर उसी दिन दोपहर बाद खोले जायेगें। टेण्डर डालने वाले ठेकेदार अधिक जानकारी सेनानायक टास्कफोर्स 47वीं पीएसी के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में कर सकते हैं।

सेनानायक
टॉस्क फोर्स 47वीं पीएसी
गाजियाबाद।

# मुठभेड़ के बाद बदमाश गिरफ्तार

## पकड़े गए बदमाश पर कई मुकदमे दर्ज

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद में थाना इंदिरापुरम पुलिस ने दिल्ली निवासी एक लुटेरे को गिरफ्तार किया है, जो सत्ताधारी पार्टी के पार्षद कार्यालय के पास लूट करने से भी नहीं हिचकिचाता था। इस पर गाजियाबाद, नोएडा और सहारनपुर में लूट के मुकदमे दर्ज हैं। जब पुलिस ने उसे पकड़ने कोशिश की, तो उसने पुलिस पर गोली भी चलाई। जिसके जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की, और लुटेरा घायल हो गया।

### घटना की जानकारी

एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र सिंह ने बताया कि रविवार की रात को पुलिस चेकिंग कर रही थी। वसुंधरा अटल चौक पर एक स्कूटी सवार को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने उसे स्कूटी समेत पकड़ लिया। पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम पुनीत सहरावत बताया। जो हर्ष विहार, दिल्ली का निवासी है। पुनीत की तलाशी में पुलिस ने एक मोबाइल फोन, दो चेन और 15,000 रुपए बरामद किए। पुनीत ने बताया कि एक चेन भाजपा पार्षद कार्यालय वैशाली और अन्य स्थानों से लूटी गई थी। फोन वसुंधरा से लूटा था, और पैसे भी चोरी की गई सामग्री बेचने से आए थे। पुनीत ने यह भी स्वीकार किया कि उसने तमंचा छुपा रखा है।



### मुकदमों की जानकारी

पुलिस के अनुसार, पुनीत सहरावत पर गाजियाबाद में कुल 16, नोएडा में 4 और सहारनपुर में 1 मुकदमा दर्ज है। पुनीत की गिरफ्तारी से पुलिस ने एक बड़े अपराधी को पकड़ने में सफलता हासिल की है। जिसने कई स्थानों पर लूटपाट की वारदातों को अंजाम दिया था।

इस गिरफ्तारी के साथ ही थाना इंदिरापुरम पुलिस ने एक गंभीर अपराधी को पकड़ा है जो सत्ताधारी पार्टी के पार्षद कार्यालय के पास भी लूट की घटनाओं में शामिल था।

## स्वस्थ जीवन के लिए पौधरोपण अति आवश्यक : डॉ.अतुल जैन

# लोहा मंडी में लोहा व्यापारियों ने किया 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम का आयोजन






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल के तत्वावधान में बृहद पौधरोपण का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 'एक पेड़ मां के नाम' और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के करोड़ों की संख्या में पौधरोपण किए जाने के संकल्प को आगे बढ़ते हुए गाजियाबाद स्थित लोहा मंडी में लोहा व्यापारियों ने पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। छायादार और फलदार वृक्ष लगाए गए। गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल के अध्यक्ष डॉ.अतुल कुमार जैन ने बताया कि बढ़ते हुए प्रदूषण को देखते हुए वातावरण को शुद्ध रखने के लिए जिससे कि आम निवासियों को और मजदूर, व्यापारियों के साथ-साथ अन्य जनों के लिए शुद्ध ऑक्सीजन में सांस लेने हेतु वृक्षों का होना बहुत जरूरी है। पूर्व में कुछ पार्कों में भी सघन पौधरोपण नगर निगम के माध्यम से किया गया था। गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल इस तरह के कार्य लगातार करता रहा है। सोमवार के वृक्षारोपण कार्यक्रम के अवसर पर अतुल कुमार जैन के अतिरिक्त अंबरीश जैन, सुबोध गुप्ता, सतीश बंसल, गौरव मिगलानी, कपिल जैन एवं नरेश गुप्ता इत्यादि के अतिरिक्त अन्य व्यापारीगण उपस्थित रहे।

# राउंड टेबल इंडिया और लेडीज सर्किल इंडिया ने 'स्पार्कलिंग स्माइल्स' शैक्षिक कार्यशाला की आयोजित





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में, राउंड टेबल इंडिया और लेडीज सर्किल इंडिया ने अपने नोएडा चैप्टर, नोएडा राउंड टेबल 285 और नोएडा लेडीज सर्किल 210 के माध्यम से 'स्पार्कलिंग स्माइल्स' शैक्षिक कार्यशाला आयोजित की। मौखिक स्वच्छता पर केंद्रित कार्यशाला का नेतृत्व कर्नल (डॉ.) आर.के. बाली (सेवानिवृत्त) ने किया। कार्यशाला के बाद, छात्रों ने मौखिक स्वच्छता के विषय पर केंद्रित एक कला प्रतियोगिता में भाग लिया। शीर्ष तीन प्रविष्टियों को पुरस्कार दिए गए। कार्यक्रम का समापन साठ छात्रों को स्नैक्स और डेंटल किट के वितरण के साथ हुआ। इस कार्यक्रम में राउंड टेबल इंडिया और लेडीज सर्किल इंडिया की 'शिक्षा के माध्यम से स्वतंत्रता' के उद्देश्य के प्रति प्रतिबद्धता के महत्व को बतया गया।

# हैल्थ एंड वैलनेस सेंटर, शास्त्रीनगर ने किया नि:शुल्क 'गैरिएट्रिक हैल्थ कैंप' का आयोजन

**गाजियाबद, करंट क्राइम।** राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय शास्त्रीनगर गाजियाबाद (हैल्थ एंड वैलनेस सेंटर, शास्त्रीनगर) ने सोमवार को बुजुर्गों एवं महिलाओं के लिए गैरिएट्रिक हैल्थ कैंप का आयोजन किया। यह कार्यक्रम क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी अशोक कुमार राणा के कुशल मार्गदर्शन में प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक नि:शुल्क किया गया। डॉक्टर शिखा प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ने स्वास्थ्य परीक्षण किया। फार्मासिस्ट प्रवीण पाल, सुभाष ने आयुर्वेदिक औषधियों का वितरण किया। योग प्रशिक्षक वंदना मिश्रा, अमित त्यागी, योग सहायक अरुण कुमार का भी सहयोग रहा। डॉ. शिखा ने बताया कि वर्षा ऋतु में होने वाले सामान्य रोग जैसे जुखाम, खांसी, श्वास संबंधित रोग, बालों का झड़ना, त्वचा रोग, उदर रोग, एवं विभिन्न जीर्ण रोगों का उपचार आयुर्वेदिक औषधियों से संभव है। विभिन्न रोगों की दवाइयां चिकित्सालय में नि:शुल्क उपलब्ध हैं।





### नियमित योग के माध्यम से भी बीमारियों के इलाज संभव

**करंट क्राइम।** कैंप में आए मरीजों ने बताया कि वो पहले से ही चिकित्सालय दवा लेने आते रहते हैं। यहां की डॉक्टर, स्टाफ सभी का व्यवहार मरीजों के प्रति बहुत अच्छा है और सभी अपने कार्य में कुशल हैं। कई महिला मरीजों ने बताया कि उन्हें आर्तवजन्य व्याधि जैसे पीसीओडी, अल्पार्तव, श्वेतप्रदर आदि जैसे रोग थे जिनका इलाज वो काफी समय से अन्य जगह से करा रही थीं लेकिन उन्हें कोई आराम नहीं मिल रहा। जब से यहां से आयुर्वेदिक दवाएं लेनी शुरू की हैं उन्हें काफी लाभ प्राप्त हुआ है। चिकित्सालय में आयुर्वेदिक दवाइयों के साथ-साथ योग से भी विभिन्न बीमारियों के इलाज किया जाता है। कैंप में बुजुर्ग मरीजों की संख्या 62 रही। साथ ही दैनिक ओपीडी में आने वाले अन्य मरीजों की संख्या 21 रही। कुल 83 मरीजों ने सोमवार के कैंप से दवाइयां प्राप्त कीं।

# इंदिरापुरम हिन्दू समाज ने मान कपिल की अगुवाई में निकाला कैंडल मार्च

### कैंडल मार्च में विभिन्न सोसाइटी के लोगों ने की शिरकत



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** इंदिरापुरम हिन्दू समाज ने मान कपिल की अगुवाई में निकाला कैंडल मार्च। इस दौरान बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाई गई। सरकार, यूनाइटेड नेशन, मानवाधिकार से निवेदन किया गया कि बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे जघन्य अपराध को तुरंत रोका जाए। इस अवसर पर संजीव, अशोक, राधेश्याम, कपिल बंसल, रंजन, मनोज, रवीन्द्र आदि अनेक लोगों की उपस्थिति रही।

# पुलिस ने दो वाहन चोरों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**लोनी (करंट क्राइम)।** टीला मोड थाना पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से दो शातिर वाहन चोरों को चोरी की दो बाइकों के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा है। एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि रविवार देर शाम पुलिस टीम सिकन्दरपुर रोड पर वाहन चेकिंग अभियान चला रही थी कि इसी दौरान बाइक पर सवार एक व्यक्ति आया पुलिस ने उसे चेकिंग के लिए रोका लेकिन वह भागने का प्रयास करने लगा पुलिस कुछ दूरी पर उसे धर दबोचा। पूछताछ में बाइक चोरी की निकली। दो दिन पूर्व मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने चेकिंग के दौरान ही सिकन्दरपुर डिफेंस कॉलोनी से चोरी की बाइक के साथ वाहन चोर इरशाद पुत्र रशीद प्रेम गार्डन पसौंडा को गिरफ्तार कर दोनों वाहन चोरों को वैधानिक कार्रवाई कर जेल भेज दिया है।



### बधाई




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। सोशल वर्कर संजना जी अपनी टीम के साथ दैनिक करंट क्राइम के भंडारे में पहुंची. जहाँ उन्होंने अखबार के समाचार संपादक दीपक भाटी को जन्मदिवस की बधाई दी।




## खाकी में क्यों नहीं दिख रहा तिरंगा अभियान

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में इस बार खाकी के बीच तिरंगा अभियान नजर नहीं आ रहा है। ऐसा क्यों हो रहा है यह देखना होगा। वहीं इस वर्ष भी प्रधानमंत्री द्वारा तिरंगा अभियान घर-घर चलाने का संकल्प लिया गया है। पर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में अभी तिरंगा अभियान को लेकर जोश नहीं दिखाई दे रहा है। वैसे पिछले साल भी तिरंगा अभियान को लेकर वह जोश दिखाई नहीं दिया था, जो पहले देखने को मिलता था। एक आईपीएस अधिकारी की वीडियो पिछले साल टीआरपी में रही थी। वहीं इस बार ना पुलिस के कार्यालय, पुलिस चौकी और पुलिस के कार्य स्थलों पर कोई अभियान नहीं चलाया जा रहा है। वहीं पुलिस के अलग-अलग विंग यातायात, पीएसी व अन्य को लेकर भी कुछ सूचना और जानकारी नहीं मिल रही है। वहीं कई स्थानों पर तो अभी यह भी नहीं पता है कि आने वाले दिनों में क्या कार्यक्रम रखे जाएंगे। वैसे सुनने में आया है कि एक समय था जब पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम से पहले पुलिस का तिरंगे को लेकर विशेष अभियान चलाया था। खुद आईपीएस अधिकारी से लेकर पीपीएस अधिकारी रैली निकालते नजर आते थे। तो देशभक्ति का संदेश भी देते थे। वहीं सिपाहियों से लेकर अन्य पुलिसकर्मियों के लिए अलग-अलग प्रतियोगिता होती थीं। पीआरवी की सजावट के साथ ही उनमें देशभक्ति गीत और तिरंगी थीम भी प्रदर्शित की जाती थी। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी खास दिवस से पूर्व स्वतंत्रता और सुरक्षा का संदेश देते थे। विशेष चेकिंग अभियान से लेकर सड़क पर पुलिस ताकत प्रदर्शित करने के आजादी का एहसास भी करवाती थी। पुलिस के विशेष स्वान दल से लेकर बम स्क्वॉड और खास दस्ते के पुलिसकर्मियों को फील्ड पर उतर जाता था। उनकी फोटो और वीडियो साझा की जाती थी और अधिकारी इसको लेकर अलर्ट भी दिखाई देते थे। वर्तमान में तीन जोन के अंदर अभी तक ऐसा कुछ नजर नहीं आ रहा है, जबकि स्वतंत्रता के राष्ट्रीय पर्व के लिए कुछ ही दिन शेष हैं। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में खाकी के बीच तिरंगा वाला अभियान दूर होना कई तरीके के सवाल और सिस्टम पर उंगली उठा रहा है। देखना होगा 15 अगस्त को लेकर आने वाले दिनों में कमिश्नरेट के किस कार्यालय, थाने, जोन व सर्किल में ज्यादा अधिक तैयारी और देशभक्ति वाली थीम नजर आती है।



# एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी ने प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए लॉन्च किया दीक्षारंभ 2024





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी ने बीटेक, एमसीए, बीसीए और डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में नामांकित प्रथम वर्ष के छात्रों का स्वागत करते हुए आधिकारिक तौर पर अपने प्रेरणा कार्यक्रम, दीक्षारंभ 2024 का उद्घाटन किया है।

कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन कुलाधिपति महेंद्र अग्रवाल ने किया। वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) प्रसन्नजीत कुमार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि छात्रों को भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करना है। इस अवसर पर सुंदर दीप एजुकेशनल सोसाइटी के उपाध्यक्ष अखिल अग्रवाल, प्रतिष्ठित उद्योगपति नितिन अग्रवाल, रजिस्ट्रार पीयूष श्रीवास्तव, डीन अकादमिक डॉ. विभा सिंह ने अपने विचार साझा किए।

### शीर्ष स्तरीय आईटी पेशेवर किए जाएंगे तैयार : आरबी सिंह

स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी की निदेशक डॉ. मोनिका सेंगर ने देश के लिए भविष्य के टेक्नोक्रेट विकसित करने के अपने दृष्टिकोण को साझा किया। स्कूल ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन के निदेशक आरबी सिंह ने शीर्ष स्तरीय आईटी पेशेवरों को तैयार करने का संकल्प लिया। स्कूल ऑफ पॉलिटेक्निक के प्राचार्य प्रो. निखिल निगम ने परिसर के जीवंत तकनीकी-सांस्कृतिक वातावरण पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में निदेशक सुमित कुमार सिंह की भी भागीदारी देखी गई। प्लेसमेंट निदेशक प्रो. अमित भारद्वाज, वरिष्ठ प्रबंधक गौरव सचान, मुख्य लेखा अधिकारी सुभाष शर्मा, मुख्य प्रॉक्टर संदीप सिंह, सिस्टम प्रमुख अमित त्यागी, साथ ही अन्य प्रतिष्ठित संकाय सदस्य और अधिकारी उपस्थित थे।

# मिलक दुहाई प्राथमिक विद्यालय के बच्चों ने स्कूल के प्रांगण में लगाया एक पौधा मां के नाम



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उजाला समिति और पर्यावरण संरक्षण गतिविधि संस्था ने मिलक दुहाई के प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में बच्चों ने पौधरोपण किया। समिति अध्यक्ष डॉ. नीलम शर्मा ने कहा कि पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के लिए पेड़-पौधे लगाने बहुत जरूरी है।



मुख्य हॉर्टिकल्चर फ्लोरीकल्चर अध्यक्ष रमा त्यागी ने स्कूल प्रिंसिपल नीतू मैम को न्यूट्रेशन गार्डन के लिए किट दी और इसकी इंपोर्टेशन बताई। स्कूल प्रधानाचार्य नीतू और जूनियर सहायक अध्यापक तसनीम अहमद ने सभी का आभार व्यक्त किया। मुख्य रूप से पौधों में सहयोग करने के लिए पंजर महेंद्र मीनाक्षी महेंद्र, डॉ. नीलम शर्मा एवं सचिन पर्यावरण संरक्षण गतिविधि गाजियाबाद का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर रमा त्यागी, डॉ. नीलम शर्मा, नीतू, पंकज महेंद्र, मीनाक्षी महेंद्र, ईशान त्यागी और स्कूल के बच्चे उपस्थित रहे।


## छात्राओं से छेड़छाड़ मामले में शिक्षक निलम्बित

**मुरादनगर, करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र के एक गांव स्थित सरकारी स्कूल में छात्राओं के साथ छेड़छाड़ व अभद्रता करने पर जिला पंचायत सदस्य मीनू यादव ने बेसिक शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखकर आरोपी शिक्षक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने शिक्षक को निलम्बित कर एक जांच कमेटी बना दी थी। जिला पंचायत सदस्य मीनू यादव व सपा नेता विकास यादव ने बेसिक शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखकर आरोपी शिक्षक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है।

## छात्रा से अश्लील हरकत और जबरन शादी का दबाव

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** परास्नातक की प्रथम वर्ष की छात्रा के साथ अश्लील हरकत व छेड़छाड़ का मामला प्रकाश में आया है। आरोपी की हरकतों से तंग आकर छात्रा ने कॉलेज जाना तक छोड़ दिया है। इस मामले में छात्रा के पिता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने युवक की तलाश शुरू कर दी है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे







**गाजियाबाद करंट क्राइम।** अरविंद तेवतिया ने अपनी सबसे छोटी भतीजी वाणी के जन्मदिन पर उसे अपने शुभाशीष आशीर्वाद दिया। अरविंद तेवतिया ने अपनी पोस्ट से बिटिया रानी के लिए सभी के आशीर्वाद की कामना की। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

# अमेरिका ने मिडिल ईस्ट में भेजी मिसाइलों से लैस पनडुब्बी

## इजराइल पर ईरानी हमले की आशंका, ईरान के समर्थन में उतरा चीन





### 'क्षेत्र में अपने सैनिकों की रक्षा के लिए बढ़ाई हथियारों की तैनाती'

अमेरिका ने इजराइल के सपोर्ट और क्षेत्र में मौजूद अमेरिकी सैनिकों की रक्षा के लिए हथियार भेजने का फैसला किया था। पिछले साल अक्टूबर में इजराइल-हमास जंग शुरू होने के बाद से ही मिडिल ईस्ट और भूमध्य सागर में अपने युद्धपोतों की संख्या बढ़ा दी थी। इस क्षेत्र में अमेरिका के 2 नेवी डिस्ट्रॉयर्स, वरर रूजवेल्ट, वरर बल्कली, वरर वास्प और वरर न्यूयॉर्क जैसे कैरियर्स मौजूद हैं। वरर वास्प और न्यूयॉर्क को तनाव बढ़ने की स्थिति में इलाके से अमेरिकी सैनिकों को तुरंत वापस लाने के लिए तैनात किया गया है।

**अमेरिका।** अमेरिका ने मिडिल ईस्ट में गाइडेड मिसाइलों से लैस पनडुब्बी और ऋ35उ फाय टर जेट्स से लैस एयरक्राफ्ट कैरियर को रवाना किया है। ये फैसला इजराइल और ईरान के बीच जंग की बढ़ती आशंकाओं के मद्देनजर लिया गया है। इजराइली रक्षा मंत्री योअव गैलेंट और अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन के बीच बातचीत के बाद ये फैसला लिया गया है। अमेरिकी रक्षा मंत्री ने कहा कि अमेरिका, इजराइल की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। इससे पहले 1 अगस्त को वॉशिंगटन पोस्ट ने अपनी रिपोर्ट में बताया था कि अमेरिका ने मिडिल ईस्ट में 12 नए युद्धपोत तैनात किए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ फोन पर बातचीत के दौरान इजराइल की रक्षा करने का वादा किया था।

### दावा- दो दिन के अंदर इजराइल पर हमला कर सकता है ईरान

अमेरिकी मीडिया हाउस एक्सिओस ने दावा किया है कि अगले दो दिन के अंदर ईरान, इजराइल पर हमला कर सकता है। ये हमला गुरुवार को इजराइल और हमास के बीच सीजफायर और बंधकों के लिए होने वाली डील से पहले हो सकता है। एक्सिओस ने ये दावा इजराइली इंटेलीजेंस से जुड़े दो लोगों के हवाले से किया है। इससे पहले पिछले हफ्ते शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र में ईरान के प्रतिनिधि ने कहा था कि हम समय पर जवाब देंगे और इस तरह से दिया जाएगा कि संभावित सीजफायर को कोई नुकसान न पहुंचे।

### लुफ्थांसा ने इजराइल के लिए फ्लाइट्स रद्द कीं

जर्मन एयरलाइन कंपनी लुफ्थांसा ने इजराइल, ईरान और लेबनान के लिए फ्लाइट्स पर लगी रोक आगे बढ़ाया दिया है। अब लुफ्थांसा ने 21 अगस्त के लिए सभी फ्लाइट्स को रद्द कर दिया है। साथ ही लुफ्थांसा ने ईरान और इराक के एयरस्पेस का इस्तेमाल करने से भी मना किया है। इससे पहले भारतीय एयरलाइन कंपनी एयर इंडिया भी अनिश्चित काल के लिए इजराइल की तरफ जाने वाली फ्लाइट्स को रद्द कर चुकी है।

### ईरान के समर्थन में उतरा चीन


ईरान और इजराइल में बढ़ते जंग के खतरे के बीच, चीन ने ईरान का समर्थन किया है। रविवार को चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने ईरानी कार्यवाहक विदेश मंत्री अली बघेरी कानी से फोन पर बात की। बातचीत के दौरान वांग यी ने कहा कि चीन, ईरान का उसकी संप्रभुता की रक्षा करने के लिए समर्थन करता है। वांग यी ने ईरान में हमास चीफ हानियेह पर हुए हमले की निंदा भी की। चीनी विदेश मंत्री ने कहा कि हमास चीफ की हत्या ने ईरान की संप्रभुता का उल्लंघन किया है। इससे क्षेत्रीय स्थिरता को खतरा बढ़ा है। पिछले महीने 31 जुलाई को ईरान में हमास चीफ हानियेह की हत्या कर दी गई थी। ईरान के मुताबिक हानियेह पर कम दूरी की मिसाइल से हमला किया गया था।

# इराक में 10 आईएस आतंकवादी गिरफ्तार



**बगदाद।** इराकी सुरक्षा बलों ने देश में इस्लामिक स्टेट (आईएस) के 10 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। इसमें इराक और सीरिया में आतंकवादी गतिविधियों के लिए जिम्मेदार एक वरिष्ठ आईएस अधिकारी भी शामिल है। इराकी सेना ने ये जानकारी दी है। इराकी खुफिया बल ने रविवार को अनबर प्रांत में सीरिया की सीमा के पास अल-रुमाना शहर में एक अभियान चलाया, जिसमें अबू सफि याह अल-इराकी को गिरफ्तार किया गया, जो पहले आईएस समूह के एक वरिष्ठ अधिकारी के रूप में काम करता था। सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने इराकी संयुक्त अभियान कमान से संबद्ध मीडिया आउटलेट, सुरक्षा मीडिया सेल के एक बयान का हवाला देते हुए ये जानकारी दी। बयान में कहा गया है कि इराकी न्यायपालिका द्वारा इराकी और सीरियाई बलों के खिलाफ आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने के आरोप में अल-इराकी की तलाश की जा रही थी। इराकी राष्ट्रीय सुरक्षा सेवा ने एक अलग बयान में कहा कि उसके बलों ने अल-इराकी के अलावा नौ आतंकवादी संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। 2017 में आईएस की हार के बाद से इराक में सुरक्षा स्थिति में सुधार हुआ है। हालांकि, आईएस के बचे हुए आतंकवादी अभी भी कुछ बीहड़ इलाकों में हैं और सुरक्षा बलों और नागरिकों के खिलाफ लगातार छापामार हमले कर रहे हैं।

# ऑस्ट्रेलिया में होटल की छत से टकराने से हेलीकॉप्टर क्रैश, पायलट की मौत



**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के सुदूर उत्तरी क्वींसलैंड में सोमवार सुबह हेलीकॉप्टर एक होटल की छत से टकराने से क्रैश हो गया। इस दुर्घटना में एक पायलट की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड की रिपोर्ट के अनुसार, मृतक पायलट की उम्र 40 साल बताई जा रही है। वहीं 83 वर्षीय पुरुष और 76 वर्षीय महिला को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ऑस्ट्रेलियाई एबीसी न्यूज प्रसारक के अनुसार, पुलिस ने केर्न्स एस्प्लेनेड पर डबल ट्री बाय हिल्टन के आसपास आपातकाल की घोषणा की है। वहीं दुर्घटना के बाद लगभग 400 लोगों को निकाला गया है। रिपोर्ट के अनुसार, दुर्घटना स्थल के पास एक होटल के कमरे में ठहरे 80 वर्षीय एक व्यक्ति और 70 वर्षीय एक महिला को धुएं के कारण सांस लेने में तकलीफ हुई। उन्हें इलाज के लिए केर्न्स अस्पताल पहुंचाया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, क्वनलैंड स्टेट पुलिस ने बताया कि दुर्घटना के तुरंत बाद एहतियात के तौर पर बिल्डिंग को खाली करा लिया गया। वहां मौजूद लोगों को कोई चोट नहीं आई। इस घटना की जांच की जा रही है। दुर्घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में होटल की छत पर आग दिखाई दे रही है। ऑस्ट्रेलियाई मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, हेलीकॉप्टर के दो प्रोपेलर टूट गए, इनमें से एक होटल के पूल में जा गिरा है।

## न्यूज डायरी

### मध्यस्थ पिछले शांति प्रस्तावों को लागू करने का तरीका बताएं फिर करेंगे आगे की बात: हमास



**गाजा।** हमास ने गाजा युद्ध विराम के मध्यस्थों से कहा है कि वे वार्ता के और दौरों में जाने के बजाय पहले मंजूर किए गए प्रस्तावों को लागू करने के लिए योजना पेश करें। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने रविवार को समूह के हवाले से कहा कि गाजा संघर्ष की शुरूआत से ही हमास, युद्ध विराम समझौते पर पहुंचने और गाजा के लोगों के खिलाफ युद्ध को समाप्त करने के लिए मिस्र और कतर में मध्यस्थों के प्रयासों को सफल बनाने के लिए उत्सुक रहा है। इसने युद्ध को रोकने के किसी भी प्रयास के लिए अपने समर्थन की पुष्टि की है।₹ हमास ने कई दौर की वार्ता में हिस्सा लिया है और गाजा के लोगों के हितों और उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए जरूरी लचीलापन और सकारात्मकता प्रदान की है। बयान के अनुसार, हमास और मध्यस्थ जानते हैं कि इजरायल की सच्ची मंशा क्या है, फिर भी हमास ने जुलाई की शुरूआत में हुए आखिरी समझौते पर सहमति जताई, लेकिन इजरायल ने बातचीत के दौरान नई शर्तें रख दीं और गाजा पर हमले तेज कर दिए। गाजा के लोगों और उनके हितों की चिंता और जिम्मेदारी के कारण, हमास मध्यस्थों से मांग करता है कि वे पहले जो प्रस्ताव दिया था, उसको लागू करने का तरीका बताएं और इजरायल पर दबाव डालें कि वह ऐसा करे। मिस्र, कतर और अमेरिका के नेताओं ने 8 अगस्त को इजरायल और हमास से आग्रह किया था कि वे युद्धविराम समझौते को अंतिम रूप देने और वार्ता फिर से शुरू करने में और समय बर्बाद न करें। मिस्र के राष्ट्रपति कार्यालय द्वारा जारी एक संयुक्त बयान के अनुसार, तीनों देशों ने इजरायल और हमास को 15 अगस्त को दोहा या काहिरा में तत्काल चर्चा फिर से शुरू करने के लिए आमंत्रित किया है।

### ईरान और यूरोपीय संघ ने परमाणु वार्ता फिर से शुरू करने पर की चर्चा



**तेहरान।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष चार्ल्स मिशेल ने 2015 के परमाणु समझौते को पुनर्जीवित करने के लिए वार्ता फिर से शुरू करने पर विचार विमर्श किया। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के मुताबिक इस विषय पर रविवार को दोनों नेताओं ने फोन पर बात की। बातचीत में दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय संबंधों के साथ-साथ आम हित के क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा की। जिसका मुख्य फोकस परमाणु समझौते के पुनर्जीवन के अलावा दुनिया में बहुपक्षवाद को बढ़ावा देने के साथ गाजा के विकास पर था। परमाणु समझौते को पुनर्जीवित करने के लिए ईरान और अन्य देशों के बीच बातचीत फिर से शुरू करने पर ईरान के राष्ट्रपति पेजेशकियन ने कहा कि विश्वास का अस्तित्व और द्विपक्षीय हितों की रक्षा एक समझौते का आधार होता है। उन्होंने कहा, यदि दोनों पक्ष अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा करें और आपसी विश्वास बनाने में मदद करें तो परमाणु समझौते को पुनर्जीवित करने के साथ अन्य द्विपक्षीय मुद्दों पर भी चर्चा की जा सकती है। पेजेशकियन ने एक बहुपक्षीय विश्व व्यवस्था स्थापित करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि अमेरिका की ईरान जैसे देशों के प्रति नीतियां और उन पर दबाव डालने के प्रयास, उनके अधिकारों और हितों से वंचित करने का प्रयास है। यह प्रयास एक नई विश्व व्यवस्था की स्थापना और दुनिया में स्थिरता और शांति की बहाली को रोकने के लिए था। ईरान ने हमेशा दुनिया में और सभी लोगों के लिए शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने का समर्थन किया है। उन्होंने आगे कहा, दुनिया के किसी भी हिस्से में ऐसा कोई भी आंदोलन या कोशिश जो उन मूल्यों को खतरे में डाले- पर ईरान ने तुरंत रोक लगाई। गाजा में विकास पर, पेजेशकियन ने कहा कि दोहरे मानकों को लागू करके, संयुक्त राज्य अमेरिका और कुछ पश्चिमी देशों ने इजरायल को फिलिस्तीनी तटीय एन्क्लेव और पश्चिम एशियाई देशों में आतंक के कृत्यों और जघन्य अपराधों को करने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं, जिससे क्षेत्र और दुनिया में शांति और सुरक्षा और अधिक खतरे में पड़ गई है। यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष ने अपनी ओर से परमाणु वार्ता के फिर से शुरू होने की इच्छा व्यक्त की, और यूरोपीय संघ और ईरान के बीच प्रभावी बातचीत की शुरूआत की उम्मीद जताई, जो आपसी हितों की रक्षा करने और द्विपक्षीय सहयोग के विस्तार में बाधाओं को दूर करने पर आधारित हो। उन्होंने ईरान के साथ संबंधों के स्तर में सुधार करने में यूरोपीय देशों की रुचि भी व्यक्त की। गाजा की ओर रुख करते हुए, मिशेल ने मानवीय अधिकारों का पालन करने, एन्क्लेव पर हमलों को रोकने, युद्धविराम हासिल करने, गाजावासियों को व्यापक सहायता सुनिश्चित करने और फिलिस्तीन को एक स्वतंत्र राज्य के रूप में मान्यता देने का आह्वान किया।

# दंगे की चपेट में झुलसा ब्रिटेन होने लगा शांत

## तीन बच्चियों की हत्या के बाद भड़के थे दंगे



**लंदन।** पिछले कुछ समय से दंगे की आग में झुलस रहा ब्रिटेन अब वापस पटरी पर लौटने लगा है। अधिकारियों ने बताया कि कई दिनों के हिंसक विरोध प्रदर्शनों के बाद ब्रिटेन में सार्वजनिक व्यवस्था में पहले से सुधार हुआ है। हालांकि, उन्होंने चेतावनी दी है कि अशांति का प्रभाव महीनों और सालों तक महसूस किया जाएगा। नेशनल पुलिस चीफ्स काउंसिल (एनपीसीसी) फॉर पब्लिक ऑर्डर के प्रमुख बी.जे. हैरिंगटन ने रविवार को कहा, ह्लइंग्लैंड, स्कॉटलैंड और वेल्स में स्थिति पिछले कुछ दिनों में कुछ स्थिर हुई है। शिन्हुआ समाचार एजेंसी के अनुसार, उन्होंने चेतावनी दी कि उत्तरी आयरलैंड अभी भी महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना कर रहा है, जहां शनिवार दोपहर को एक हिंसक उपद्रव के दौरान पेट्रोल बम से हमला किया गया। इसमें 10 पुलिस अधिकारी घायल हो गए। दरअसल, दक्षिण-पश्चिम इंग्लैंड के साउथपोर्ट में जुलाई के अंत में चाकू घोंपकर तीन बच्चों की हत्या कर दी गई थी। इस घटना ने हिंसा का रूप ले लिया और देखते ही देखते ब्रिटेन में कई जगह पर हिंसक विरोध-प्रदर्शन हुए। दंगे में पुलिस अधिकारियों को भी चोट आई। यही नहीं दुकानों को भी लूटा गया और शरणार्थियों को रखने वाले होटलों पर हमले हुए। अधिकारियों का मानना है कि प्रमुख शहरों और कस्बों में भारी पुलिस बल की तैनाती और दंगाइयों के खिलाफ त्वरित अदालती कार्रवाई के कारण बुधवार के बाद से स्थिति में सुधार हुआ है। लंदन, न्यूकैसल, मैनचेस्टर, बर्मिंघम, कार्डिफ, बेलफास्ट, ग्लासगो और एडिनबर्ग जैसे शहरों में हजारों लोगों ने नस्लवाद विरोधी रैलियों में हिस्सा लिया। न्याय सचिव शबाना महमूद ने द ऑब्जर्वर में लिखा है कि इस अव्यवस्था का असर आने वाले महीनों और सालों तक महसूस किया जाएगा। नेशनल पुलिस चीफ्स काउंसिल ने शनिवार को बताया कि दंगों के बाद से 779 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इनमें से 349 पर आरोप तय किए गए हैं। अब तक करीब 30 लोगों को हिंसक उपद्रव या ऑनलाइन नस्लीय घृणा भड़काने के आरोप में जेल भेजा गया है, जिसमें सबसे लंबी सजा तीन साल की है।

# सूडान के डारफुर में झड़प में 28 की मौत, 46 घायल

**खार्तूम।** पश्चिमी सूडान में उत्तरी डारफुर राज्य की राजधानी एल फशर पर अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के हमले में कम से कम 28 नागरिक मारे गए और 46 अन्य घायल हो गए। वहां के कार्यवाहक गवर्नर अल-हाफिज बखेत ने बयान जारी कर इस बात की जानकारी दी है। रविवार को उन्होंने कहा, आरएसएफ मिलिशिया ने बाजारों और नागरिक ठिकानों पर गोलाबारी की नरसंहार किया। गवर्नर के अनुसार, सूडानी सशस्त्र बल (एसएएफ) और डारफुर क्षेत्र में सशस्त्र आंदोलन के संयुक्त बल ने शनिवार को अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्सेज के हमले को विफल करने में कामयाबी हासिल की थी और उन्हें भारी नुकसान पहुंचाया। गवर्नर ने कहा, राजधानी एल फशर मजबूत और दृढ़ रहेगा और जल्द ही विद्रोहियों से मुक्त हो जाएगा। आरएसएफ ने हमले के बारे में कोई टिप्पणी नहीं की है। अल फशर में एसएएफ और आरएसएफ के बीच भीषण संघर्ष 10 मई से ही चल रहा है। 15 अप्रैल, 2023 से सूडान में एसएएफ और आरएसएफ के बीच घातक संघर्ष चल रहा है, जिसके चलते कम से कम 16,650 लोगों की जान जा चुकी है। संयुक्त राष्ट्र के हालिया आंकड़ों के अनुसार, अनुमान है कि सूडान में अब तक 10.7 मिलियन लोग आंतरिक रूप से विस्थापित हैं, जबकि लगभग 2.2 मिलियन लोगों ने पड़ोसी देशों में शरण ली है।

# एथेंस में कई जगहों पर भीषण आग के चलते मैराथन शहर को खाली करने का निर्देश

**एथेंस।** एथेंस में मैराथन शहर के आसपास जंगल में भीषण आग लगने की वजह से पूरे मैराथन शहर को खाली करने का आदेश जारी किया गया है। शिन्हुआ समाचार एजेंसी के मुताबिक, रविवार को ग्रीस के अधिकारियों ने जंगल में लगी भयंकर आग की वजह से मैराथन शहर, जो मैराथन दौड़ का जन्मस्थान है, से लोगों को निकटवर्ती बस्ती निआ मकरी की ओर जाने के लिए कहा है। ग्रीक के राष्ट्रीय समाचार प्रसारक ईआरटी के मुताबिक, एथेंस ओलंपिक एथलेटिक सेंटर (ओएकेए), जो एथेंस 2004 ओलंपिक खेलों का मुख्य स्थल था और मैराथन से लगभग 30 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, में रात में कई लोगों को यहां पर विस्थापित किया गया। एथेंस के स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार, आग और धुएं की वजह से सांस लेने में कठिनाई के चलते आठ लोगों को अस्पताल में भर्ती करना पड़ा। शहर के दमकल विभाग के कर्मचारी उत्तर-पूर्वी अटिका क्षेत्र में कई किलोमीटर तक फैले आग को नियंत्रित करने की कोशिश कर रहे हैं। यह आग स्थानीय समयानुसार दोपहर 3 बजे एथेंस से लगभग 35 किलोमीटर की दूरी पर वर्नवास इलाके में भड़क उठी। गर्म और तेज हवाओं के कारण आग बहुत तेजी से फैल रही है। इसी वजह से उठने वाले धुएं ने एथेंस के एक बड़े हिस्से को ढक लिया है। ग्रीक मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, तेज हवाओं के कारण धुआं वनार्वास मैराथन के पास स्थित एक बस्ती के पास 100 किलोमीटर दूर तक पहुंच गया है। फायर ब्रिगेड के एक प्रवक्ता ने एथेंस में एक प्रेस ब्रीफिंग में बताया कि लगभग 400 अग्निशामक, 29 पानी गिराने वाले विमान और हेलीकॉप्टर, 110 फायर इंजन, सैन्य दस्ते और कई स्वयंसेवक आग को नियंत्रित करने के लिए काम कर रहे हैं।

# पाकिस्तान में पूर्व आईएसआई प्रमुख ले. जनरल फैज हमीद का होगा कोर्ट मार्शल

**पाकिस्तान।** पाकिस्तान ने पूर्व आईएसआई प्रमुख ले जनरल (रि) फैज हमीद को सैन्य हिरासत में ले लिया है। सेना की जांच में जनरल हमीद को टॉप सिटी मामले में भ्रष्टाचार का दोषी पाया गया है और उनके खिलाफ अब कोर्ट मार्शल की प्रक्रिया शुरू होगी। पाकिस्तान सेना की तरफ से जारी बयान के मुताबिक, सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर लेफ्टिनेंट जनरल फैज हमीद (सेवानिवृत्त) के खिलाफ टॉप सिटी केस में की गई शिकायतों की सत्यता जांचने के लिए बनाई गई पाक सेना की पड़ताल ने उन्हें दोषी पाया है। लिहाा लेफ्टिनेंट जनरल फैज हमीद (रि) के खिलाफ पाकिस्तान सेना अधिनियम के प्रावधानों के तहत उचित अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की गई है।



### सेना अधिनियम के उल्लंघन के भी कई मामले सामने आए

इतना ही नहीं जनरल हमीद के खिलाफ सेवानिवृत्ति के बाद पाकिस्तान सेना अधिनियम के उल्लंघन के भी कई मामले सामने आए। इन सबके मद्देनजर अब पाकिस्तान के पूर्व डीजी आईएसआई के खिलाफ फील्ड जनरल कोर्ट मार्शल की प्रक्रिया शुरू की गई है। साथ ही ले जनरल फैज हमीद को सैन्य हिरासत में ले लिया गया है।

### प्रधानमंत्री इमरान खान के बेहद करीब

हमीद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के बेहद करीब थी। यहां तक कि अप्रैल 2022 में इमरान खान के प्रधानमंत्री रहते हुए उनका नाम पाक सेना प्रमुख के तौर पर भी चल रहा था, लेकिन पाकिस्तान की राजनीति कब क्या करवट ले यह कहना कठिन है। जनरल बाजवा और फिर जनरल आसिम मुनीर से बढ़ी दूरियों ने जनरल फैज हमीद को कठघरे में खड़ा कर दिया है।

### जून 2019 से नवम्बर 2021 तक आईएसआई के मुखिया थे

जनरल हमीद वही शख्स हैं, जिसकी तालिबान के अफगानिस्तान पर कब्जे की योजना में भी अहम भूमिका थी। इतना ही नहीं काबुल में तालिबान के दाखिल होने और अशरफ गनी के देश छोड़ने के साथ ही एक तस्वीर जो खूब चर्चाओं में आई थी, वो काबुल के एक होटल में चाय की चुस्कियां लेते जनरल हमीद की थी। जनरल हमीद जून 2019 से नवम्बर 2021 तक पाकिस्तान की कुख्यात खुफिया एजेंसी आईएसआई के मुखिया थे। वहीं, सेना से रिटायरमेंट के पहले जनरल हमीद 31 कोर के कमांडर के रूप में तैनात थे।

# रूस के 30 किमी अंदर घुसी यूक्रेनी सेना:कई इमारतों पर फहराया यूक्रेनी झंडा

**रूस।** रूस में यूक्रेनी सेना 30 किमी अंदर तक घुस गई है। अमेरिकी मीडिया हाउस उठठ के मुताबिक फरवरी 2022 में जंग शुरू होने के बाद यह पहली बार है जब यूक्रेन, रूस में घुस कर हमले कर रही है। रूस ने शुक्रवार तक यूक्रेनी सीमा से सटे कुर्स्क में कम से कम 250 वर्ग किलोमीटर का इलाका गंवा दिया है। यूक्रेनी सैनिकों का अगला टारगेट रूसी शहर सुद्जा है। सोशल मीडिया पर कई वीडियो वायरल हैं, जिनमें यूक्रेनी सैनिक इमारतों पर रूसी झंडा हटाकर अपने देश का झंडा लगा रहे हैं। वहीं, रूस, यूक्रेनी हमले को रोकने के लिए हरसंभव कोशिश कर रहा है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि उसके सैनिकों ने रूस के टोलपिनो और ओब्शची कोलोडेज गांवों में यूक्रेनी सैनिकों के साथ मुठभेड़ हुई है।

### कुर्स्क न्यूक्लियर प्लांट के नजदीक हो रही लड़ाई

रूस के कुर्स्क इलाके में छठे दिन भी यूक्रेनी हमला जारी है। रूस ने 8 अगस्त को ही इलाके में इमरजेंसी लगा दी थी। रिपोर्ट के मुताबिक मात्र 24 घंटों में यूक्रेन की सेना ने कुर्स्क क्षेत्र में दो प्रमुख किलेबंदी को ध्वस्त कर दिया। इसे बनाने में रूस को ढाई साल से अधिक समय लगा था और इस पर 170 मिलियन डॉलर ( करीब 14 हजार करोड़ ) से ज्यादा खर्च हुए थे।





रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने रविवार को कहा कि रूसी सेना की तरफ से इसका करारा जवाब मिलेगा। जखारोवा ने कहा कि इन हमलों का मकसद रूसी नागरिकों की हत्या करना, उन्हें डराना और देश के बुनियादी ढांचे को नष्ट करना है। रूस और यूक्रेन सेना के बीच जिस इलाके में लड़ाई चल रही है वह कुर्स्क न्यूक्लियर प्लांट के नजदीक है। ये पावर प्लांट रूस के सबसे बड़े न्यूक्लियर प्लांट्स में से एक है। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी चीफ राफेल ग्रॉसी ने कहा है कि न्यूक्लियर हादसे को रोकने की कोशिश की जानी चाहिए। अगर कोई हादसा होता है तो उसके गंभीर परिणाम भुगतने होंगे।

### दावा- यूक्रेन की बढ़त से पुतिन की छवि को नुकसान

अमेरिकी मैगजीन टाइम ने यूक्रेन की बढ़त को लेकर कहा है कि ये यूक्रेन की सफलता मामूली है, लेकिन इससे पुतिन की ताकतवर छवि को नुकसान पहुंचा है। रूसी न्यूज एजेंसी तास के मुताबिक यूक्रेनी सीमा के पास बसे 76,000 लोगों को सुरक्षित इलाके में भेज दिया गया है। यूक्रेनी सेना 6 अगस्त को कुर्स्क इलाके में घुस गई थी। रूस ने दावा किया कि टैंकों और तोपखानों से लैस करीब 1 हजार यूक्रेनी सैनिक कुर्स्क में दाखिल हुए। रूस के अंदर यूक्रेनी सैनिकों की तस्वीरें, वीडियो सामने आने के बाद भी यूक्रेनी अधिकारियों ने रूसी सीमा में घुसने को लेकर चुप्पी साध रखी थी। इसके बाद रविवार को जेलेंस्की ने वीडियो जारी कर माना कि यूक्रेन ने रूसी इलाके में घुसकर हमला किया है। उन्होंने कहा कि रूस ने यूक्रेन पर कुर्स्क से 2,000 से ज्यादा बार हमले किए।

### यूक्रेन ने रूस के कई गांवों पर कब्जा किया :11 टैंकों के साथ घुसे 1 हजार यूक्रेनी सैनिक, 76 हजार लोगों ने घर छोड़े

रूस और यूक्रेन के बीच ढाई साल से जारी जंग के बीच अब यूक्रेन ने रूस में घुसकर हमले तेज कर दिए हैं। यूक्रेनी सेना रूस की सीमा के 10 किमी अंदर तक पहुंच गई है। तास न्यूज एजेंसी के मुताबिक, रूसी प्रांत कुर्स्क के गवर्नर एलेक्सी स्मर्नोव ने बताया कि हमलों को देखते हुए 76 हजार लोग घर छोड़ कर जा चुके हैं




# शिव महापुराण कथा में हुआ शिव विवाह प्रसंग



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** दूधेश्वर मन्दिर के प्रांगण में चल रहे शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ के चतुर्थ दिन कथा वाचक आचार्य अरविन्द महाराज ने शिव विवाह का प्रसंग सुनाया। शिव बारात के स्वागत में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, विधायक अजीत पाल त्यागी, एमएलसी दिनेश गोयल पूर्व मेयर आशा शर्मा, मुख्य यजमान भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा उनकी धर्मपत्नी रितु शर्मा, समाज सेवी आशीष अग्रवाल उनकी धर्मपत्नी रूबी अग्रवाल सहित सैकड़ो की संख्या में भक्त उपस्थित भक्तों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। महाआरती के बाद महाप्रसादी का वितरण किया गया।

# डीएम इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में समस्त आयोगों में लम्बित प्रकरणों की समीक्षा बैठक आयोजित





## सर्वोच्च न्यायालय, उच्च न्यायालय, एनजीटी में लंबित सभी प्रकरणों का नियमानुसार जल्द करायें निस्तारण : जिलाधिकारी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में सर्वोच्च न्यायालय, उच्च न्यायालय, एनजीटी सहित समस्त आयोगों में लम्बित प्रकरणों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

जिलाधिकारी इन्द्र व्रिकम सिंह ने लम्बित प्रकरणों की प्राप्त रिपोर्ट देखने के बाद संबंधित एडीएम, एसडीएम सहित अन्य संबंधित विभागाध्यक्षों से जानकारी प्राप्त की जिसमें उन्होंने पाया कि कुछ रिटों में काउंटर, रिजॉइंडर और कुछ डिस्पोजल हो चुके हैं। कुछ प्रकरणों की जानकारी उपलब्ध नहीं हो पा रही है। जिलाधिकारी ने कहा कि जो प्रकरण निस्तारण की ओर हैं उन्हें जल्द निस्तारित किया जाए और जो प्रकरण संज्ञान में नहीं हैं उनका विवरण संबंधित न्यायालय से प्राप्त करें। सभी प्रकरणों का निस्तारण जल्द से जल्द करना सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में एडीएम ई, एडीएम एल/ए, एडीएम एफ/आर, अपर नगर आयुक्त, डीडीओ सभी एसडीएम, गूंजा सिंह जीडीए, सभी तहसीलदार, बेसिक शिक्षा विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग, समाज कल्याण अधिकारी, एसीएमओ, प्रोबेशन अधिकारी सहित संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।



# तेहरवी विधि

अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारी पूजनीय माताजी

## ◆ श्रीमती सुषमा श्रीवास्तव जी ◆

**पत्नी स्व. हृदय नारायण श्रीवास्तव (आई.ए.एस.)**
**दिनांक १ अगस्त २०२४ को अपनी सांसारिक यात्रा सम्पूर्ण कर प्रभु चरणों में विलीन हो गई हैं।**

उनकी तेहरवी विधि दिनांक - १३ अगस्त २०२४, हमारे निज श्रीवास्तव निवास 76ए, म्योर रोड, में दोपहर १२ बजे से होगी।

शोकाकुल परिवार - मुदित-रंजना, मयंक-रूची, मिहिर (पुत्र-पुत्रवधू), मधुलिका-आलोक (पुत्री-दामाद), यश-नेहा, श्रद्धा-दिव्यांशु, श्रृष्टि-क्षितिज, क्षितिज, अवंतिका (पौत्र-पौत्री/नातिन)

दूरभाष - 7800399994, 9873604362, 9899309629, 9999227998




▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मैं था डिप्टी सीएम पाठक जी के कार्यक्रम में मौजूद? मुझे मौके पर नजर आ रहा था कई भाजपा नेताओं का वजूद? वो करने आए थे हर घर तिरंगा अभियान को लेकर तिरंगे झंडों का वितरण? मगर उनको सोशल मीडिया पर दिखा कुछ और ही चित्रण? उन्होंने ने इस कार्यक्रम की फोटो की अपनी फेसबुक पर अपलोड? फोटो में तो कई भाजपाई नजर आ रहे थे? लेकिन जो उन्होंने फोटो के ऊपर कैप्शन लिखा? उसमे सिर्फ.लिया भगवा कमांडर संजीव शर्मा और भाजपा के वरिष्ठ नेता राजा वर्मा के नाम का ही लोड? जो उनकी नजर में प्रमुख चेहरे थे, उनका ही नाम किया उन्होंने अपनी एफबी पर पोस्ट?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** पाठक जी आए थे झंडा वितरण करने के लिए गाजियाबाद? कार्यक्रम के दौरान मुझको एक बात नहीं हो रही थी हजम? जितनी में उम्मीद कर रहा था उसके हिसाब से संख्या थी कम? कहने वाले ने कहा अगर भगवा कमांडर नहीं होते भोले की भक्ति में इतना बिजी? तो नहीं लेते वो मामला इतना इजी? कर देते वो अपनी मौजूदगी में काफी संख्या का इन्तजाम? कहने वाले ने कहा कि अगर भगवा कमांडर किसी कारण से है बिजी? तो संगठन के साथियों को देना चाहिए मजबूती का पैगाम? ज़िम्मेदारी मजबूती से अपने कंधों पर भी उठानी चाहिए? भले ही कोई अध्यक्ष की ज़िम्मेदारी सम्भाल रहा जो, मगर उसको भी तो पड़ते है व्यक्तिगत काम?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मैं आपको एक बात बताना चाहता हूँ हुजूर? भगवा उपाध्यक्ष को महान मंत्री बनाने का क्या फायदा होगा? साल के 365 दिनों में से 150 दिन तो वो मारते है घूमने के लिए स्टेट के बाहर के टूर? क्यों कहा कहने वाले ने कि उनके चरणो में है शायद किसी टायर का कनेक्शन? इसलिए टूर मारने का उनमे दिखाई देता है पैशन? इसलिए भविष्य में वो अपने इस पैशन पर ही देंगे ध्यान? अगर गलती से बन गए वो महामंत्री, तो कसम से पहलवान के ऊपर आ जाएँगे बहुत सारे काम?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवान सरदार ने यूँ ही नहीं डाला है नादिया पार से आकर शहर सीट पर डेरा? ऊपरी दिखावे के तौर पर वो कर रहे है यहाँ से विधायक बनने वाली दावेदारी? मगर अंदर से वो खिला चाहते है यहाँ से दिल्ली के किसी बड़े ठाकुर चेहरे का सवेरा? वो इस सीट को अपने मेहनत से बनाना चाहते है ठकुराना? यूँ इस तरह से माहौल बनना उनका अंदाज है काफी पुराना? अगर आप उनको गहराई से टटोल कर देखोगे तो आपको समझ आ जाएगा उनका मुस्कुराना?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमे नहीं अच्छा लग रहा मेयर और नगरायुक्त का टकराव? वजह जो भी हो, इससे भविष्य में अवरुद्ध होगा गाजियाबाद का विकास? अगर आज होते जनरली साहब, तो इतनी कभी बड़ती ही नहीं बात? हमे पता है मौजूदा कोई भी जनप्रतिनिधि नहीं निकालेगा इस विवाद का समाधान? सबको पता है, यहाँ पर आपसी संबंधों में काफी ज्यादा है खींचतान? हमे इस विवाद को सुलझाने में है साहब पर भरोसा? हमे पता है वो इस मैटर को अगर खत्म करना चाहेंगे, तो दोनों पक्ष उनकी बात का रखेंगे मान?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मैं बैठा था नादिया पर के सौ नंबर वाले सिंह मेम्बर के पास? वो कर रहे थे खुलकर शहर विधानसभा वाले चुनाव पर बात? दे रहे थे हर बार वो यही संदेश, कह रहे थे दावेदारी की दौड़ में हमको सबसे मजबूत लगता है भगवा कमांडर का फेस? उनके शब्दों को सुनकर लग रहा था, जैसे ले रहे हो वो हमारा दिल? जब हुआ हमे उनके प्रश्न पर डाउट? तो उन्होंने ली मुस्कुराते हुए अपनी जुबान सिल?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मंडल में था डिप्टी वालों का कार्यक्रम? इस मंडल में आता है ठाकुर मेम्बर का वार्ड? वो चाहते तो पूरा प्रोटोकॉल अपने वार्ड में कार्यक्रम होने के नाते डिप्टी साहब को दे सकते थे? मगर उन्होंने तो कार्यक्रम में तब दीदार दिए जब उसमे में आए कैबिनेट वाले उनके प्रिय भाईसाहब? ठाकुर मेम्बर ने ऐसा करके दे दिया सबको यही स्पष्ट संदेश? हमे तो सिर्फ.भाता है हमारे ही मंत्री जी का साथ? हमे तो हर सूरत में करनी है उनकी ही ज़िंदाबाद?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जिस चेहरे ने निगम चुनाव को निर्विरोध जीतकर मजबूत की थी अपनी लाठी? नरेश जी के अनुसार, फोटो खिंचवाने को बहुत ही आतुर रहते है किंग कुमार मिस्टर भाटी? हमने देखा, ये विधायक जी के साथ फोटो खिंचवाने का बना चुके थे प्रोग्राम? मुस्कुराहट के साथ अपनी इच्छा का इन्होंने विधायक जी को भेजा पैगाम? इनकी तम्मना सुनकर विधायक जी के चेहरे पर आ गई मुस्कान? उन्होंने के कहा, हमे आपके साथ फोटो खिंचवाने में कोई दिक्कत नहीं है साहब, बस डर इस बात का है कि आपकी ताकतवर मैडम कहीं हो ना जाए आपसे नाराज?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** पूर्व वाली ताकतवार मैडम कभी नहीं लाती है अपनी समर्थकों में निराशा? उनकी पूरी कोशिश होती है कि वो बहनो को पूरी करें आशा? हमने देखा जैसे है ध्वजारोहण वाला कार्यक्रम हुआ समाप्त, वैसे ही आयोजन स्थल से जाने लगे डिप्टी साहब? तभी मैडम चली गई उनके पास? कहा भाईसाहब एक मिनट ठहरो, नहीं तो बहने हो जायेंगी निराश? आशा दीदी हो गई ऐसा करके अपने मिशन में सफल? बहनो ने कहा दीदी जितनी चिंता आप कार्यकर्ता की करती है, उतनी तो कोई नहीं करता आजकल?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** निगम वाली आग में कोई दिखाई दे रहा है पूरी तरह शीतल? सुना है वादा करके भी जब कोई गया मुकर? तो फिर भला मैडम पार्षद क्यों करें उनकी इतनी फिकर? उनके भी सीने में जल रही है ये आग? उन्हे नही दिखाना चाहिए था हमे डिप्टी मेयर वाला ख्वाब? आप खुद ही बताओ कि ये बात क्या नही है खराब?

**नोट: उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**